दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 | अंक : 110 | संभल, गुरूवार 02 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.




पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

## सीएम ने 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को दिखाई हरी झंडी



**लखनऊ,।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर लक्ष्मणपुरी में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने समाप्त की अंधेरे की संस्कृति मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के 9 वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम ह्यनेट जीरोह्न लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं, जो अधिक ऊर्जा खपत करती थीं, बदरंग दिखती थीं और कीड़े-मकोड़ों के कारण उनके नीचे खड़ा होना भी मुश्किल होता था। पिछली सरकारों के लिए यह व्यवस्था इसलिए सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। लेकिन हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो।

## संशोधित बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी, 'ट्रांसजेंडर अधिकार' से जुड़े कानून में बदलाव लागू



**नईदिल्ली:** राष्ट्रपति से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से संबंधित संशोधित बिल को मंजूरी मिल गई है। इस बिल में ट्रांसजेंडर के अधिकार से जुड़े कानून में बदलाव लागू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से संबंधित संशोधित बिल को मंजूरी दे दी है। इस बिल में शारीरिक नुकसान पहुंचाने के लिए श्रेणीबद्ध सजा का प्रावधान भी मौजूद है। विपक्षी सांसदों ने समलैंगिकों और समलैंगिक महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखने के लिए ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 की कड़ी आलोचना की थी। बिल पर सरकार ने क्या कहा? इस बिल में किसी व्यक्ति के ट्रांसजेंडर होने का निर्धारण करने के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना की गई है। इस प्रावधान का भी विपक्ष ने कड़ा विरोध किया है। कानून मंत्रालय की 30 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, संशोधित कानून केंद्र सरकार की ओर से जारी आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित तिथि से प्रभावी होगा। संसद के दोनों सदनों में हुई बहस के दौरान, सरकार ने कहा कि इसका उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की रक्षा करना है। वहीं, विपक्ष ने प्रस्तावित कानून की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह समलैंगिक पुरुषों और महिलाओं जैसे व्यक्तियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को छीन लेता है। इसके साथ ही मांग की कि इसे उचित परामर्श के लिए एक स्थायी समिति को भेजा जाए।

## सार संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर दिल्ली वालों के लिए ट्रैफिक अलर्ट

**नई दिल्ली:** मरघट वाले बाबा हनुमान मंदिर के निकट बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले हनुमान जन्मोत्सव समारोह के कारण बुधवार तथा बृहस्पतिवार को उत्तर और मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात प्रभावित रहेगा। दिल्ली यातायात पुलिस की ओर से जारी परामर्श के अनुसार, मंदिर के आसपास कई धार्मिक शोभा यात्राएं और कार्यक्रम होंगे जिससे प्रमुख सड़कों पर जाम लग सकता है। बुधवार यानी एक अप्रैल को अपराह्न दो बजे से रात 11 बजे तक और बृहस्पतिवार यानी दो अप्रैल को पूरे दिन यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे। इस प्रतिबंध के कारण प्रभावित सड़कों में रिंग रोड (शांति वन और अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) कश्मीरी गेट के बीच दोनों ओर के मार्ग), श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, लोथियन रोड, नेताजी सुभाष मार्ग, निषाद राज मार्ग और बुलेवार्ड रोड शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यातायात की स्थिति के अनुसार रेल छत्ता चौक, सुभाष कट, जीपीओ चौक, केला घाट, आयरन ब्रिज, बुलेवार्ड रोड-लोथियन रोड टी-प्वाइंट और रिंग रोड पर मंकी ब्रिज के नीचे यातायात को किसी अन्य मार्ग से भेजा जाएगा।

### विमान फ्यूल की कीमतों में इजाफा, महंगा होगा हवाई सफर

**नईदिल्ली:** वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों के लिए केवल 8.5 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। घरेलू विमानन कंपनियों को अन्य संचालकों की तुलना में करीब आधी कीमत चुकानी होगी। गैर-निर्धारित (नॉन-शेड्यूल्ड), तदर्थ (एडहॉक) और चार्टर जैसी अन्य उड़ानों के लिए एटीएफ की कीमत 1,10,703.08 रुपये प्रति किलोलीटर से 114.5 प्रतिशत बढ़कर 2,07,341.22 रुपये प्रति किलोलीटर की गई है। विमानन ईंधन की कीमतें दो दशक से अधिक समय पहले नियंत्रण मुक्त कर दी गई थी और तब से इन्हें अंतरराष्ट्रीय मानक कीमतों के अनुरूप तय किया जाता है। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने संतुलित बढ़ोतरी का तरीका अपनाया है। सूत्रों के अनुसार, विदेशी विमानन कंपनियों और अन्य संचालकों को बाजार आधारित पूरी कीमत देनी होगी, जबकि घरेलू विमानन कंपनियों के लिए कीमतों को नियंत्रित रखा गया है ताकि घरेलू हवाई यात्रा महंगी न हो।

पंजाब की सियासत में बड़ा फेरबदल...

## आप के पूर्व नेता एच.एस. फूलका भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता और आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता एच. एस. फूलका बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह खासकर इस बात के लिए जाना जाता है कि उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों का प्रतिनिधित्व किया था। फूलका का भाजपा में शामिल होने को पार्टी के लिए एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि वह अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव में राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार को सत्ता से हटाने की तैयारी कर रही है। फूलका केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा महासचिव तरुण चुघ, पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ और पार्टी मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। फूलका का भाजपा में स्वागत करते हुए पुरी ने कहा, उनके शामिल होने से पार्टी और पंजाब में हमारे प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने फूलका के शामिल होने को न्याय और जवाबदेही के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। उन्होंने दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में उनके योगदान का उल्लेख किया। फूलका ने कहा कि भाजपा ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए उनकी कानूनी लड़ाई में साथ दिया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासन में पंजाब जिन चुनौतियों का सामना कर रही है उनका समाधान केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ही सकती है। फूलका ने कहा, ₹प्रधानमंत्री ने सिख मुद्दों में व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। 1984 के दंगों पर मेरे काम के कारण उन्होंने हमेशा मेरे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मदन लाल खुराना, सुषमा स्वराज और विजय कुमार मल्होत्रा ??जैसे नेताओं ने इस मुद्दे का समर्थन किया और भाजपा, विशेष रूप से दिल्ली में, इस मुद्दे को ऐसे लड़ा जैसे यह उनका अपना मुद्दा हो। फूलका ने कहा, "चूंकि भाजपा ने इस मुद्दे पर बहुत कुछ किया, इसलिए मैंने भी अपनी तरफ से यथासंभव योगदान दिया। मैंने बिना कोई पद संभाले पार्टी की कानूनी टीम का नेतृत्व किया। 2003 से 2013 तक, निर्वाचन आयोग में अपने पद से इस्तीफा देने के बाद, मैंने चुनावों में उनके कानूनी प्रयासों का मार्गदर्शन किया। इसीलिए मैंने औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है।" फूलका ने 2014 का लोकसभा चुनाव पंजाब के लुधियाना से 'आप' उम्मीदवार के रूप में लड़ा था लेकिन वह कांग्रेस के रवनीत सिंह बिट्टू से हार गए थे। बिट्टू अब भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हैं। फूलका ने 2017 में पंजाब की दाखा विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी। वह 2017 में करीब तीन महीने तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। इसके बाद उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों की पैरवी करने के लिए यह पद छोड़ दिया। बुधवार को फूलका ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होना उनकी 'गलती' थी। उन्होंने कहा, 2014 में, भ्रष्टाचार के खिलाफ बढ़ते आक्रोश को देखते हुए, मुझे लगा था कि यह पार्टी देश को बदलने के लिए आई है। लेकिन अंदर जाकर मुझे एहसास हुआ कि हालात अलग हैं। उनसे जुड़ना एक गलती थी ₹ पंजाब को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य कई संकटों का सामना कर रहा है। फूलका ने कहा, "आज पंजाब की हालत देखकर मुझे दुख और अपराधबोध होता है कि मैं अब तक इससे दूर रहा। स्थिति बेहद गंभीर है—कानून व्यवस्था की समस्या, जबरन वसूली, व्यापक भ्रष्टाचार, नशीली दवाओं का सेवन और गहरा कृषि संकट। यदि पंजाब को पटरी पर वापस लाना है तो वह केवल भाजपा ही कर सकती है।

## सीएम ने बेमौसम बारिश से परेशान किसानों का जाना हाल

**लखनऊ,:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके।


### महंगाई को लेकर सरकार पर हमलावर कांग्रेस

## जनता को लूटने और देश को संकट में झोंकने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने बुधवार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जहां आम नागरिक राहत की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं भाजपा सरकार जनता को लूटने और देश को संकट में झोंकने में लगी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया, मोदी सरकार ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है, जिसका सीधा असर अब 140 करोड़ भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है। खरगे ने कहा कि आज से कई रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम बढ़ने जा रहे हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है, जबकि आपूर्ति कम हो रही है। इसका असर सड़क किनारे चाय की कीमतों से लेकर मिड-डे मील योजना तक पड़ेगा। एविएशन टर्बाइन फ्यूल महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 900 से अधिक आवश्यक दवाएं महंगी हो गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की लागत और बढ़ेगी। इसके अलावा उन्होंने स्टेंट की कीमतों में वृद्धि, टोल टैक्स में बढ़ोतरी, स्पीड पोस्ट शुल्क में 34 प्रतिशत इजाफा, और प्लास्टिक, स्टील व सिरेमिक उद्योगों पर असर जैसे मुद्दों को भी उन्होंने उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए पीवीसी पाइप महंगे हो गए हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि आम नागरिक, किसान, मजदूर और एमएसएमई सेक्टर राहत की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर एक वीडियो साझा करते हुए इसे भाजपा लूट दिवस बताया। इस बीच, कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत बुधवार को 195.50 रुपये बढ़ाकर दिल्ली में 2,078.50 रुपये कर दी गई है। इससे पहले 1 मार्च को इसमें 114.50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।

## चांदपुर में नुमाइश पर घमासान! नियमों की अनदेखी का आरोप, प्रशासन की भूमिका पर उठे तीखे सवाल










**दैनिक बुलंद मंजिल / नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** में आयोजित नुमाइश को लेकर विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने आरोप लगाया है कि इस आयोजन में तय मानकों और नियमों की अनदेखी की गई है, जिसके चलते प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि नुमाइश शुरू होते ही क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। जगह-जगह जाम की स्थिति बनी रही और आसपास के लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही शोर-शराबा और अव्यवस्था के चलते स्थानीय निवासियों में नाराजगी देखी जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि इस तरह के बड़े आयोजनों के लिए सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का पुख्ता इंतजाम होना चाहिए, लेकिन यहां व्यवस्थाएं नाकाफी नजर आ रही हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि बिना पूरी तैयारी और नियमों के पालन के नुमाइश को अनुमति दे दी गई, जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है।

सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नियमों को नजरअंदाज कर अनुमति दी गई है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में असंतोष और बढ़ता जा रहा है। अब बड़ा सवाल यही है—क्या चांदपुर में नियमों को ताक पर रखकर नुमाइश का आयोजन किया गया, या फिर प्रशासन के पास इसके लिए कोई ठोस और वैध आधार मौजूद है?

## विदेशी निधियों को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर उठाए सवाल

**लखनऊ (संवाददाता)।** विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कथित विदेशी निधियों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर सवाल उठाया और उस पर कानून के माध्यम से गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को नियंत्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबे पोस्ट में यादव ने कहा कि विदेशी निधि पर भाजपा के रुख में गंभीर विरोधाभास था। उन्होंने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 लाने से पहले स्पष्टता की मांग की। उन्होंने कहा, जो पैसा विदेशों से पीएम केयर्स फंड में आया था वो लौटाया जाएगा या उसको भी ऑडिट की तरह विशेष छूट देकर गटक लिया जाएगा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर भी सवाल उठाए जिन्हें उच्चतम न्यायालय ने पहले ही रद्द कर दिया था। उन्होंने पूछा, जो पैसा इलेक्टोरल बॉण्ड के माध्यम से आया था उसे भाजपा कब लौटाएगी। जब इलेक्टोरल बॉण्ड ही अवैध



घोषित हो गये हैं तो उससे मिला पैसा कैसे वैध है। यादव ने पूछा कि जो पैसा गैर पंजीकृत एनजीओ के खातों में आता है उसका क्या होगा। कहीं ये उसी की विदेशी जड़ें काटने की आपसी लड़ाई तो नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, तथाकथित धर्मार्थ उगाहे गये, मंदिर निर्माण के नाम पर बटोरे गए उस चंदे का हिसाब कौन देगा, जो भाजपा से संबद्ध संगी-साथी मुखौटा संगठनों मतलब परिषद, वाहिनी आदि ने हड़प लिए। उसमें भी विदेशों से अथाह पैसा आया था। इनसे जुड़े सभी पदाधिकारियों के खातों और संपत्तियों से वसूली की जाए। भाजपा पर तानाशाही दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते हुए लोकसभा सदस्य ने कहा कि प्रस्तावित कानून का उद्देश्य स्वतंत्र संगठनों को सरकार के नियंत्रण में लाना है। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता ने कहा, दरअसल ये भाजपाई राजनीति की अलोकतांत्रिक, अति नियंत्रणवादी एकाधिकारी सोच के हैं जो गैर सरकारी संगठनों पर अवांछित नियंत्रण करके, उन्हें अपनी कठपुतली बनाना चाहती है और इसके बहाने धीरे-धीरे उनकी संपत्ति को ही हड़प लेना चाहती है।

## मुख्यमंत्री का निर्देश फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

**लखनऊ, :-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके।

CMYK

संपादकीय

# घरेलू गैस उत्पादन और ऊर्जा सुरक्षा

आज के वैश्विक परिदृश्य में ऊर्जा केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता का मूल आधार बन चुकी है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति में जरा-सी बाधा भी किसी देश की आर्थिक रफ्तार को थाम सकती है। भारत जैसे तेजी से उभरते देश के लिए, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर करता है, यह चुनौती और अधिक गंभीर हो जाती है। वैश्विक संकट (चाहे महामारी हो या युद्ध) हमारी अर्थव्यवस्था की बाहरी निर्भरता को उजागर करते रहे हैं। हॉर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील मार्गों में अवरोध और खाड़ी देशों से आपूर्ति में अनिश्चितता का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। ऐसे में आत्मनिर्भर ऊर्जा नीति की आवश्यकता केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन गई है। इसी संदर्भ में अपतटीय दमन अपसाइड विकास परियोजना से गैस उत्पादन की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अरब सागर में स्थित इस परियोजना से व्यावसायिक गैस उत्पादन न केवल तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, बल्कि यह भारत की दूरदर्शी ऊर्जा रणनीति का भी सशक्त संकेत है। अल्प समय में पूर्ण हुई इस परियोजना से प्रतिदिन लगभग 5 मिलियन मानक घन मीटर गैस उत्पादन की क्षमता विकसित होना उल्लेखनीय है। घरेलू उत्पादन में यह वृद्धि आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में निर्णायक कदम है। साथ ही, सरकार द्वारा नए क्षेत्रों को अन्वेषण के लिए खोलना और निवेश को प्रोत्साहन देना ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक स्थिरता की नींव रखता है। स्पष्ट है कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते ये प्रयास भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं से बचाने में सहायक होंगे। अब जरूरत इस बात की है कि इन पहलों को निरंतरता और व्यापकता के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य ऊर्जा के मोर्चे पर भी मजबूत कड़ी बन सके।

# परमाणु साये में सुलगती वैश्विक राजनीति

मध्य-पूर्व में चल रहा मौजूदा संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय युद्ध तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और परमाणु हथियारों की होड़ का खतरनाक मोड़ पर आ चुका है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के पीछे कुछ ही हफ्तों में तेहरान की मौजूदा सत्ता को बदलने की सोच अब पीछे छूट गई। नतीजतन एक महीने से अधिक का समय बीतने के बाद भी हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं, युद्ध लंबा खिंचता जा रहा है और इसके प्रभाव वैश्विक स्तर पर गहराते जा रहे हैं। शुरुआती हमलों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई अहम चेहरों को निशाना बनाया गया। यहां तक कि सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर ने यह संकेत दिया कि सत्ता परिवर्तन अब आसान हो जाएगा। मगर इतिहास गवाह है कि बाहरी हमले अक्सर किसी भी देश की आंतरिक एकजुटता को कम नहीं करते, बल्कि बढ़ा देते हैं और ईरान इसका उदाहरण है। सत्ता का ढांचा टूटने के बजाय और अधिक कठोर व आक्रामक हो गया।

ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। खाड़ी के देशों में ऊर्जा ठिकानों, अमेरिकी सैन्य अड्डों और इजराइली ठिकानों पर लगातार मिसाइल व ड्रोन हमले हुए। सबसे बड़ा असर हॉर्मुज जलडमरू पर पड़ा, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है। इसके बाधित होने से वैश्विक बाजारों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं और महंगाई का दबाव साफ दिखने लगा। यह रणनीति स्पष्ट थी, युद्ध को लंबा खींचकर अमेरिका पर कूटनीतिक और आर्थिक दबाव बनाना। इस बीच अमेरिका को भी भारी आर्थिक लागत चुकानी पड़ी। आधुनिक फाइटर जेट्स और मिसाइल सिस्टम जैसे महंगे हथियारों का इस्तेमाल और ध्वस्त से नुकसान, पहले से ही दबाव में चल रही अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ा है। यही वजह रही कि डोनाल्ड ट्रंप युद्धविराम की दिशा में आगे बड़े। हालांकि यह मनसूबा फैल हो गया, क्योंकि इजराइल ने हमले जारी रखे और अमेरिका को पुनः सक्रिय होना पड़ा। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू है, परमाणु खतरे का बढ़ना।



अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अनुसार, ईरान के पास 440.6 किलोग्राम 60% शुद्ध यूरेनियम मौजूद है, जिसे और शुद्ध कर लगभग 9 परमाणु बम बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा 200 किलोग्राम 20% संवर्धित यूरेनियम भी उसके पास है, जिसे हथियार-ग्रेड स्तर तक ले जाना तकनीकी रूप से कठिन नहीं है।

ईरान के पास लगभग 2,500 बैलिस्टिक मिसाइलों का जखीरा भी है, जो खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा माना जाता है। ऐसे में यदि यह संघर्ष और बढ़ता है, तो परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि जब किसी देश के अस्तित्व पर संकट गहराता है, तो वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है और परमाणु हथियार इस दिशा में सबसे बड़ा 'डिटरेंट' साबित होते हैं। इसी संदर्भ में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का बयान भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जिसमें उन्होंने यूरोपीय देशों को 'परमाणु छतरी' देने और हथियारों की संख्या बढ़ाने की बात कही। यह संकेत है कि दुनिया एक नए परमाणु हथियारों की दौड़ की ओर बढ़ रही है। अमेरिका की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड भी चेतावनी दे चुकी हैं कि चीन, रूस, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश उन्नत मिसाइल प्रणालियों के विकास में लगे हैं, जो अमेरिकी रक्षा कवच को भी चुनौती दे सकती हैं।

इतिहास के पन्ने बताते हैं कि इराक के सद्दाम हुसैन और लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी जैसे नेताओं ने जब अपने परमाणु कार्यक्रम छोड़े, तो अंततः उन्हें सत्ता से हाथ धोना पड़ा। यही कारण है कि उत्तर कोरिया के किम जोंग-उन जैसे नेता अपने परमाणु कार्यक्रम को अपनी सुरक्षा की गारंटी मानते हैं। हाल ही में उन्होंने भी ईरान संकट का हवाला देते हुए अपने फैसले को सही ठहराया। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका-इजराईल के हमलों से भले ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम अल्पकाल के लिए धीमा पड़े, लेकिन इससे उसकी परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा और मजबूत होगी। क्योंकि अब यह केवल शक्ति का सवाल नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यह संघर्ष केवल दो या तीन देशों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह उस वैश्विक व्यवस्था की परीक्षा है, जिसमें शक्ति संतुलन, कूटनीति व सामरिक संयम की भूमिका सबसे अहम होती है। अगर समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो यह युद्ध एक ऐसे परमाणु संकट में बदल सकता है, जिसका असर पूरी मानवता को भुगतना पड़ेगा।

■ राममनोहर रायकवार

## Trump says Iran was 'at the doorstep' of a nuclear weapon, defends strikes on nuclear sites

Trump said that Iran was "right at the doorstep" of developing a nuclear weapon". "Essentially, I did what no other president was willing to do. They made mistakes, and I am correcting them. My first preference was always the path of diplomacy, yet the regime continued their relentless quest for nuclear weapons and rejected every attempt at an agreement," he said.

"For this reason, in June, I ordered a strike on Iran's key nuclear facilities, and operation Midnight Hammer. Nobody's ever seen anything like it. Those beautiful B2 bombers performed magnificently," he added.

"We totally obliterated those nuclear sites. The regime then sought to rebuild their nuclear program in a totally different location, making clear they had no intention of abandoning their pursuit of nuclear weapons. They were also rapidly building a vast stockpile of ballistic missiles and would have soon had missiles that could reach American homeland, Europe and virtually any other place on earth," he added. "For years, everyone has said that Iran cannot have nuclear weapons. But in the end, those are just words if you're not willing to take action when the time comes," Trump said. The president said, "In these past four weeks our armed forces have delivered swift, decisive, overwhelming victories on the battlefield" and slammed previous decades of US policy, saying previous presidents "made mistakes and I am correcting them."



वैश्विक तनावों की आंच अब सीमाओं से आगे बढ़कर खेत-खलिहानों तक महसूस की जाने लगी है। इजराइल-ईरान संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति का हर उतार-चढ़ाव भारतीय कृषि जैसी मूलभूत व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है। ऊर्जा संकट से आगे बढ़कर उर्वरक आपूर्ति पर पड़ा इसका असर किसानों की चिंताओं को नया आयाम दे रहा है।

# मध्य-पूर्व संघर्ष का भारतीय खेती पर असर

वैश्विक राजनीति के रणक्षेत्र में छिड़े संघर्ष अक्सर केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, उनकी तपिश दूरदराज के देशों की अर्थव्यवस्थाओं और जनजीवन तक महसूस की जाती है। अमेरिका समर्थित इजराइल-ईरान तनाव ने यही सच्चाई एक बार फिर उजागर कर दी है। इस संघर्ष का असर केवल कच्चे तेल और गैस की कीमतों तक सिमटा नहीं है, इसकी परछाई अब भारतीय कृषि व्यवस्था पर भी दिखाई देने लगी है। दरअसल, होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा और व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जो इस संघर्ष के कारण बाधित हुआ है। जहाजों की आवाजाही में आई कमी ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। इसका सबसे बड़ा असर उर्वरकों के आयात पर पड़ा है, जिन पर भारत की कृषि काफी हद तक निर्भर है। भारत अपनी कुल उर्वरक जरूरतों का लगभग 60 से 70 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों से मंगवाता है। ऐसे में समुद्री मार्गों में अवरोध का सीधा असर किसानों की तैयारियों पर पड़ना स्वाभाविक है। ओमान, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे खाड़ी देश भारत के लिए यूरिया और डीएपी जैसे प्रमुख उर्वरकों के मुख्य स्रोत हैं।

**इसके** अतिरिक्त यूरिया उत्पादन के लिए आवश्यक प्राकृतिक गैस और फॉस्फेट का भी बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। लेकिन जब जहाजों की गति थमने लगती है, तो केवल माल ही नहीं रुकता, आशंकाएं भी बढ़ने लगती हैं। उर्वरकों की संभावित कमी और उनकी बढ़ती कीमतें किसानों के लिए चिंता का कारण बन सकती हैं, विशेषकर तब, जब खरीफ सीजन की बुवाई निकट हो। हालांकि, इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में केंद्र सरकार ने संतुलन बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने की दिशा में मोरक्को और अन्य देशों से आयात बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है और किसानों को खाद संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकारी आंकड़े भी इस आश्वासन को बल देते हैं। वर्तमान में देश में यूरिया का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है, जबकि डीएपी का स्टॉक लगभग दोगुना हो चुका है। एनपीके जैसे अन्य उर्वरकों की उपलब्धता भी संतोषजनक है।

**यह** स्थिति संकेत देती है कि खरीफ सीजन की बुवाई के दौरान किसानों को अपेक्षित संसाधन मिल सकेंगे। सिर्फ भंडारण ही नहीं, उत्पादन के स्तर पर भी सुधार देखने को मिला है। प्राकृतिक गैस की बेहतर उपलब्धता ने उर्वरक संयंत्रों की क्षमता को बढ़ाया है, जिससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार ने समय रहते वैश्विक टेंडर जारी कर आयात सुनिश्चित किया है, ताकि मांग बढ़ने के समय आपूर्ति बाधित न हो। सरकार की रणनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू निगरानी तंत्र को सशक्त बनाना भी है। कालाबाजारी और जमाखोरी पर नियंत्रण रखने के लिए राज्यों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उर्वरक सही समय पर किसानों तक पहुंच सके। यदि यह संतुलन बना रहा, तो कृषि उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट है कि वैश्विक संघर्षों की छाया भले ही भारतीय खेतों तक पहुंच गई हो, पर दूरदर्शी नीतियों और समयबद्ध प्रयासों के कारण स्थिति नियंत्रण में है। अब निगाहें मानसून पर टिकी हैं, क्योंकि वही इस पूरी तस्वीर को अंतिम रूप देगा।

■ जसवंत सिंह राजपूत


ज्ञान-विज्ञान

# LPG से LNG तक ऊर्जा का बदलता चेहरा

दुनिया में बढ़ते तनाव और ऊर्जा संकट का असर अब सीधे हमारी रसोई और जेब तक पहुंच रहा है। ऐसे में LPG, CNG, PNG और LNG जैसे शब्द बार-बार सुनाई दे रहे हैं, लेकिन अक्सर लोग इनके अंतर को लेकर भ्रमित रहते हैं। दिखने में ये सभी गैसें एक जैसी लगती हैं, मगर इनका निर्माण, उपयोग और महत्व पूरी तरह अलग है। आइए समझते हैं कि कौन-सी गैस किस काम आती है और क्यों यह फर्क जानना जरूरी है।

## PNG: पाइप से आने वाली सुविधा

शहरी जीवन में तेजी से लोकप्रिय हो रही PNG यानी पाइप्ड नेचुरल गैस, अब सिलेंडर की जगह लेती जा रही है। यह गैस पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक पहुंचती है, जिससे सिलेंडर खत्म होने की चिंता खत्म हो जाती है। इसमें मुख्य रूप से मीथेन गैस होती है और इसका उपयोग भी खाना पकाने में ही होता है। इसकी सबसे बड़ी सुविधा यह है कि इसका भुगतान बिजली-पानी की तरह मीटर के आधार पर किया जाता है, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों बढ़ती हैं।




## CNG: सड़कों का सस्ता ईंधन

CNG यानी कंप्रेस्ड नेचुरल गैस, आज के समय में पेट्रोल और डीजल का सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प बन चुकी है। इसमें प्राकृतिक गैस को उच्च दबाव पर संपीड़ित किया जाता है, जिससे इसे वाहनों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। यह गैस न केवल प्रदूषण कम फैलाती है, बल्कि माइलेज के मामले में भी बेहतर मानी जाती है। यही कारण है कि शहरों में ऑटो, बस और कारों में CNG का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।




## LPG: रसोई की भरोसेमंद गैस



एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस, हमारे घरों की रसोई से सबसे ज्यादा जुड़ी हुई गैस है। लाल सिलेंडर में आने वाली यही गैस हर दिन खाना पकाने में इस्तेमाल होती है। इसे कच्चे तेल की रिफाइनिंग या प्राकृतिक गैस की प्रोसेसिंग के दौरान तैयार किया जाता है। इसकी खासियत यह है कि इसे कम दबाव पर ही तरल रूप में बदला जा सकता है, जिससे इसे सिलेंडर में भरकर आसानी से घर-घर पहुंचाया जाता है।




## LNG: वैश्विक व्यापार की गैस

LNG यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस का इस्तेमाल मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस के परिवहन के लिए किया जाता है। जब प्राकृतिक गैस को बेहद कम तापमान, करीब 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है तो वह तरल बन जाती है। इस रूप में गैस को जहाजों के जरिए एक देश से दूसरे देश तक पहुंचाना आसान और सुरक्षित हो जाता है। भारत जैसे देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी रूप में आयात करते हैं, इसलिए वैश्विक संकट का इसका सीधा असर देश की ऊर्जा व्यवस्था पर पड़ता है।


## गैस का फर्क और आपकी जेब

हालांकि ये सभी गैसें ऊर्जा के स्रोत हैं, लेकिन इनका उपयोग अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से होता है। LPG जहां हर घर की रसोई का आधार है, वहीं PNG उसी का आधुनिक और सुविधाजनक विकल्प बनकर उभरी है। दूसरी ओर LNG देश की ऊर्जा आपूर्ति और आयात व्यवस्था की रीढ़ है, जबकि CNG आम लोगों के लिए सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का साधन बन चुकी है। इस प्रकार, ये गैसें सिर्फ नाम में ही नहीं, बल्कि काम और असर में भी एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं।

मौत से जन्मी आस्था

# टॉयलेट में होती है अनोखी पूजा

## 'पर्पल लेडी' का रहस्य




दुनिया में आस्था के रंग जितने विविध हैं, उतने ही हैरान करने वाले भी। मंदिरों, मस्जिदों और गिरजाघरों से परे एक ऐसी परंपरा भी है, जहां लोग आधी रात को टॉयलेट के सामने सिर झुकाते हैं। यह सुनकर भले ही अजीब लगे, लेकिन चीन की 'जिगु' यानी 'पर्पल लेडी' की पूजा एक ऐसी परंपरा है, जिसमें रहस्य, भय और श्रद्धा तीनों का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

## अनोखी पूजा का रहस्य

चीन की लोक परंपराओं में यह मान्यता गहराई से जुड़ी है कि घर का हर कोना किसी न किसी अदृश्य शक्ति से प्रभावित होता है। ऐसे में टॉयलेट को भी सिर्फ एक साधारण जगह नहीं, बल्कि एक रूहानी ऊर्जा का स्थान माना जाता है। साल के पहले चंद्र महीने के पंद्रहवें दिन, जिसे लैनटर्न फेस्टीवल के रूप में मनाया जाता है, महिलाएं टॉयलेट की विशेष सफाई करती हैं और वहां जिगु देवी का प्रतीक एक छोटा पुतला स्थापित करती हैं। इसके बाद अगरबत्ती जलाकर पूजा की जाती है।

## भविष्य बताने की अनोखी रस्म

इस पूजा का सबसे रहस्यमय पहलू भविष्यवाणी से जुड़ा है। लोग जिगु देवी के सामने बैठकर अपने जीवन से जुड़े सवाल पूछते हैं चाहे वह खेती का हाल हो, स्वास्थ्य की चिंता हो या कारोबार का भविष्य। मान्यता है कि यदि पुतले में हल्की सी भी हरकत दिखाई दे या कोई संकेत मिले, तो उसे देवी का उत्तर माना जाता है। यह अनुभव लोगों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं होता, भले ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसे महज संयोग या भ्रम मानता हो।





## आस्था, सफाई और संस्कृति का संगम

यह परंपरा केवल रहस्य और डर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक गहरा सामाजिक संदेश भी छिपा है। टॉयलेट की सफाई और उसे पवित्र मानने की यह सोच स्वच्छता के महत्व को भी दर्शाती है। साथ ही, यह उस दर्दनाक इतिहास को सम्मान देने का एक तरीका है, जिसने इस अनोखी आस्था को जन्म दिया। चीन की यह विचित्र परंपरा यह साबित करती है कि आस्था केवल भव्य मंदिरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह हर उस जगह बस सकती है, जहां इंसान अपने विश्वास और भावनाओं को जोड़ देता है।

## दर्दनाक कहानी से जन्मी आस्था

इस परंपरा के पीछे एक बेहद करुण और रहस्य छिपा है। कहते हैं कि सदियों पहले एक निर्दोष महिला को ईर्ष्या व षड्यंत्र के चलते टॉयलेट में मौत के घाट उतार दिया था। उसकी असमय मृत्यु व अधूरी पीड़ा ने लोगों के मन में भय और संवेदना पैदा की। धीरे-धीरे उस महिला की आत्मा को शांति देने के लिए उसे देवी का दर्जा दे दिया गया। अब यह श्रद्धा एक परंपरा में बदल गई, जो आज भी जीवित है।

डुमास बीच

# रहस्य, सौंदर्य और सन्नाटे का अनोखा संगम

डुमास बीच की विशेषता इसकी काली रेत है, जो भारत के अधिकांश समुद्र तटों से इसे अलग बनाती है। कहा जाता है कि यह क्षेत्र कभी हिंदू श्मशान घाट हुआ करता था, जिसके कारण यहां की रेत का रंग काला हो गया। वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से यह रेत खनिजों की अधिकता के कारण काली प्रतीत होती है, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच इसके पीछे कई रहस्यमयी मान्यताएं प्रचलित हैं।

## रहस्य: अलौकिक वातावरण

इस बीच से जुड़ी सबसे चर्चित बात है यहां का अलौकिक वातावरण। स्थानीय लोग और पर्यटक अक्सर दावा करते हैं कि रात के समय यहां अजीब आवाजें सुनाई देती हैं जैसे फुसफुसाहट या किसी के कदमों की आहट। कई लोगों ने यह भी बताया कि देर रात अकेले घूमने पर उन्हें किसी अदृश्य उपस्थिति का एहसास हुआ। हालांकि इन घटनाओं का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन ये कहानियां इस स्थान को रोमांच और रहस्य से भर देती हैं।



## प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर

डुमास बीच का प्राकृतिक सौंदर्य भी कम आकर्षक नहीं है। लहरों की गूंज, तेज हवाओं का स्पर्श व दूर तक फैले खजूर के पेड़ इसे एक अलग ही पहचान देते हैं। यहां का सूर्यास्त देखने लायक होता है, जब आकाश लालिमा से भर उठता है एवं समुद्र की लहरें सुनहरी चमक बिखेरती हैं। यह दृश्य पर्यटकों को एक अनोखी शांति और सुकून देता है। यह बीच खाने-पीने के शौकीनों के लिए खास है। यहां मिलने वाले स्थानीय स्ट्रीट फूड, जैसे भुट्टा, भेलपुरी और खास गुजराती स्नैक्स, पर्यटकों के अनुभव को और भी यादगार बना देते हैं। सप्ताहांत में यहां काफी भीड़ होती है, जबकि सप्ताह के अन्य दिनों में यह स्थान अपेक्षाकृत शांत रहता है।

गुजरात के सूरत शहर से लगभग 21 किलोमीटर दूर स्थित डुमास बीच अपने भीतर रहस्य, प्राकृतिक सौंदर्य और लोककथाओं का अद्भुत मेल समेटे हुए है। यह समुद्र तट न केवल अपनी काली रेत के कारण प्रसिद्ध है, बल्कि यहां से जुड़ी रहस्यमयी कहानियां भी इसे भारत के सबसे अनोखे समुद्री तटों में शामिल करती हैं।



## भूतिया जगह के रूप में प्रसिद्धि

डुमास बीच का नाम अक्सर भूतिया जगह के रूप में लिया जाता है, लेकिन यह केवल डर का प्रतीक नहीं है। यह स्थान प्रकृति, संस्कृति और लोककथाओं का संगम है, जो हर आगंतुक को एक अलग अनुभव प्रदान करता है। जहां एक ओर यह रोमांच पसंद लोगों को आकर्षित करता है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति प्रेमियों के लिए यह सुकून भरा ठिकाना भी है। डुमास बीच एक ऐसा स्थल है, जहां सन्नाटा भी कहानी कहता है और लहरें भी रहस्य बुनती हैं। अगर आप कभी सूरत जाएं, तो इस अनोखे समुद्र तट का अनुभव जरूर लें, शायद यहां की हवा आपको भी कोई अनकही कहानी सुना दे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**
CMYK

# अमरोहा में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ, शिक्षा के लिए जागरूकता रैली निकाली गई

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** जनपद में शिक्षा को बढ़ावा देने और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय ह्यस्कूल चलो अभियानह्ल का भव्य शुभारंभ किया गया। गांधी मूर्ति चौराहे से निकली इस जागरूकता रैली को शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश गोला, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने ह्लएक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटाह्ल और ह्लसब पढ़ें, सब बढ़ेंह्ल जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से आमजन को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली गांधी मूर्ति चौराहे से प्रारंभ होकर आजाद रोड, कोट चौराहा, आईएम इंटर कॉलेज चौराहा, अंबेडकर चौक होते हुए जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज, अमरोहा







पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स स्वयं बच्चों के साथ रैली में शामिल हुईं और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ह्यस्कूल चलो अभियानह्ल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय तक लाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान केवल जनपद मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर तक व्यापक रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करें, जो अभी तक स्कूल नहीं जा रहे हैं, और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करें। उन्होंने एक विशेष पहल की जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी से निकलने वाले बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में, प्राथमिक से जूनियर और जूनियर से माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस क्रम में विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाएं और किसी भी बच्चे को प्रवेश से वंचित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन समेत विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी बिना किसी बाधा के शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित प्रदेश की नींव रखता है, इसलिए सभी का सहयोग आवश्यक है। रैली के समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का मूल आधार है। उन्होंने छात्रों से पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील की। साथ ही शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ह्यस्कूल चलो अभियानह्ल को सफल बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में रैली आयोजित करें और अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक और अभिभावक मिलकर प्रयास करें, तो शिक्षा का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अभियान के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला और उम्मीद जताई जा रही है कि इस पहल से जनपद में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य जल्द ही प्राप्त किया जा सके।

# किसान हितों की लड़ाई तेज, 1124 गांवों में सदस्यता अभियान का ऐलान





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** बुधवार को भारतीय किसान संघ जिला अमरोहा की मासिक बैठक विकास खंड हसनपुर के ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ प्रांत पालक एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य हरपाल सिंह डागर मौजूद रहे। उनके साथ प्रांतीय संगठन मंत्री सुनील कुमार, प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी और प्रांत युवा प्रमुख संजीव भी शामिल हुए। बैठक में जिले भर से आए किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन्हें मुख्य अतिथि ने गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन दिया। हरपाल सिंह डागर ने कहा कि प्रदेश स्तर की समस्याओं को उच्च स्तर पर उठाकर समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमरोहा जिला पूरे प्रांत में किसानों के हित में किए गए कार्यों और सर्वाधिक सदस्यता के लिए जाना जाता है। डागर ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए जिले के सभी 1124 गांवों में सदस्यता अभियान चलाने का आह्वान किया, ताकि हर किसान तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित हो सके और उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह और जिला प्रभारी संजीव शर्मा ने संगठन की नीति और रीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि को जिले, ब्लॉक और ग्राम स्तर की समितियों की गतिविधियों से अवगत कराया। वहीं ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान और जिला अध्यक्ष ने सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री आलोक कुमार चौहान ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान, डॉ. शिवचरण सैनी, हरिप्रकाश राणा, यशवीर सिंह, लाखन सिंह सहित सभी ब्लॉकों के पदाधिकारी, ग्राम समितियों के सदस्य और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# बिना डिग्री चला रहा था अस्पताल, छापे से पहले ही संचालक हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**मंडी धनौरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक निजी अस्पताल के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सतीश चंद भास्कर के नेतृत्व में की गई, जिसमें एक फर्जी अस्पताल का खुलासा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 30 मार्च 2026 को गांव शेरपुर में स्थित एक कथित एक अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल का संचालन रंजीत सिंह पुत्र अज्ञात द्वारा किया जा रहा था, जो मौके पर पहुंची टीम को देखकर फरार हो गया। बताया जा रहा है



कि उक्त व्यक्ति बिना किसी मान्यता और पंजीकरण के मरीजों का इलाज कर रहा था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में प्रसव कक्ष (डिलीवरी रूम) सहित अन्य चिकित्सा उपकरण मौजूद मिले, जिन्हें तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। जांच टीम को मौके पर मरीजों के उपचार से संबंधित कोई वैध अभिलेख या रजिस्टर भी नहीं मिला, जिससे स्पष्ट होता है कि अस्पताल पूरी तरह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने टीम को जानकारी दी कि इस क्लिनिक में पूर्व में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत भी हो चुकी है, जिससे इस अवैध अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके बावजूद संचालक द्वारा लगातार प्रसव और अन्य चिकित्सा सेवाएं दी जा रही थीं। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड खंगालने पर भी यह अस्पताल कहीं पंजीकृत नहीं पाया गया। इसके बाद 31 मार्च 2026 को पुनः निरीक्षण करते हुए अस्पताल भवन को भी सील कर दिया गया। इस पूरे मामले में उप जिला क्षय रोग अधिकारी ने थाना धनौरा में तहरीर देकर आरोपी रंजीत सिंह के खिलाफ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम 2019 की धारा 34 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) के तहत मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आम जनता की जान से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# मंगरौला में स्कूल चलो अभियान का भव्य आगाज, रैली निकालकर किया जागरूक

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** शिक्षा के प्रतिजन जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को विकास खंड गंगेश्वरी के कम्पोजिट स्कूल मंगरौला में ब्लॉक स्तरीय ह्यस्कूल चलो अभियानह्ल का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक पुत्र एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना कर किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों और अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।






6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का नामांकन अनिवार्य रूप से विद्यालयों में कराया जाए। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा, यूनिफॉर्म, पाठ्यपुस्तकें और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ह्यमिशन शक्तिह्ल का उल्लेख करते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया और कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। शिक्षित बेटियां ही सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकती हैं। रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर पूरे गांव में जागरूकता फैलाई। ह्लआधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगेह्ल और ह्लपढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर कीह्ल जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। शिक्षकों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संयुक्त मंत्री महताबउद्दीन, ग्राम प्रधान सोमपाल सिंह सहित अनेक शिक्षक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीआईजी के आदेश पर अवैध खनन, छेड़छाड़ व धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**नौगांवा सादात ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गांव खेतापुर जहांगीर में अवैध खनन का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अब डीआईजी के आदेश के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खेतापुर जहांगीर निवासी महिला ने उच्चाधिकारियों को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दिनांक 23 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर पर सफाई कर रही थी। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके खेत में जेसीबी मशीन से खुदाई की जा रही है। सूचना मिलते ही वह अपने 13




वर्षीय पुत्र के साथ खेत पर पहुंची। खेत पर पहुंचने पर उसने देखा कि वहां जेसीबी मशीन से अवैध खनन किया जा रहा था। मौके पर निजामुद्दीन पुत्र रजाउद्दीन, उवैद पुत्र निजामुद्दीन सहित चार अन्य लोग मौजूद थे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि निजामुद्दीन ने उसे वहां से चले जाने की धमकी दी और कहा कि अंजाम बुरा होगा। विरोध जारी रखने पर आरोपियों ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उवैद ने उसे बुरी नीयत से पकड़ लिया और खींचकर गन्ने के खेत की ओर ले जाने लगा। वहीं, निजामुद्दीन ने उसके बेटे के सिर पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसे धमकाते हुए मौके से भाग गए। किसी तरह महिला अपने बेटे के साथ वहां से जान बचाकर निकल सकी। घटना के बाद जब महिला अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची तो आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की और उसे टाल दिया। इससे परेशान होकर महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी के निर्देश पर अब थाना नौगांवा सादात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, महिला के साथ हुई इस वारदात से ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए।

# संचारी रोगों के खिलाफ जंग का आगाज : अमरोहा में जागरूकता रैली के साथ विशेष अभियान शुरू





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**अमरोहा ब्यूरो।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के उद्देश्य से ह्लविशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियानह्ल एवं ह्लदस्तक अभियानह्ल का शुभारम्भ बुधवार को उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एक भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गोला (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त, माटी कला बोर्ड अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सरकार) एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गोला और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित आशा कार्यकताओं, स्वास्थ्यकर्मियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों और आमजन का साझा दायित्व है। उन्होंने आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल देते हुए निर्देश दिए कि वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए चिन्हित हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए और रोस्टर बनाकर नियमित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जबकि ह्लदस्तक अभियानह्ल 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान के तहत डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टीबी और डायरिया जैसे खतरनाक रोगों से बचाव के लिए व्यापक जनजागरूकता चलाई जाएगी। लोगों को साफ-सफाई, जलभराव से बचाव और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देंगी। वहीं ग्राम पंचायतों को नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, जलभराव की समस्या के समाधान और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जनपदीय अधिकारी पूरे अभियान की सतत निगरानी करेंगे। इस दौरान जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर भी जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। रैली में जिला मलेरिया अधिकारी, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी, चिकित्सा अधिकारी, आशा वर्कर, जिला एपिडेमियोलॉजी टीम सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। अभियान का उद्देश्य ह्लएक भी व्यक्ति संचारी रोग से प्रभावित न होह्ल के लक्ष्य को साकार करना है, जिसके लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तत्परता से जुटा हुआ।

# तिरपाल पर ताश, खेतों में कैश : हत्याखेड़ा बना जुए का वीडियो वायरल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र का गांव हत्याखेड़ा इन दिनों अवैध जुए के अड्डों को लेकर सुर्खियों में है। हालात ऐसे हैं कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद जुआरियों के हौसले कम होने का नाम नहीं ले रहे। ताजा मामला उस वक्त चर्चा में आया जब गांव और आसपास के इलाकों से जुए के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए, जिससे प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो में खेतों और सुनसान जगहों पर बड़ी संख्या में लोग ताश के पत्तों के साथ जुए में लिप्त नजर आ रहे हैं। जमीन पर बिछी तिरपाल पर हजारों-लाखों रुपये की गड्डियां साफ दिखाई दे रही हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जुआरी कैमरे से बेखौफ नजर आते हैं, मानो उन्हें किसी कार्रवाई का डर ही न हो। ग्रामीणों का आरोप है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है और पुलिस की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। उनका कहना है कि कई बार छापेमारी भी हुई, लेकिन ज्यादातर मामलों में आरोपियों को कुछ ही देर बाद छोड़ दिया जाता है। इससे जुआरियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि इस अवैध धंधे में कुछ नाम लगातार सामने आ रहे हैं, जो गांव और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय हैं। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी तक कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो गांव का माहौल बिगड़ सकता है और युवा पीढ़ी गलत दिशा में जा सकती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है।



# थाने में नहीं सुनी गई फरियाद, अदालत के आदेश पर फायरिंग व लूट में मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित मोहल्ला चौकीदारान में आपसी रंजिश के चलते मारपीट, लूट और फायरिंग का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने के बाद मामला न्यायालय पहुंचा, जहां से आदेश मिलने के बाद अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला चौकीदारान निवासी मोनिश पाशा पुत्र शाहिद हुसैन ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अमरोहा में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह एक शान्तिप्रिय व्यक्ति है और कस्बे में ज्वैलरी की दुकान चलाता है। उसका कारोबार ठीक चलने के कारण उसके ही कुनबे के कुछ लोग उससे रंजिश रखते हैं और अक्सर विवाद करते रहते हैं। पीड़ित के अनुसार, उसने कुछ समय पहले अपने मकान का निर्माण कार्य शुरू कराया था। इसी बात को लेकर उसके रिश्तेदार शाहवेज आलम और शाहजेब आलम पुत्रगण शाहे आलम लगातार नाराज रहते थे और कई दिनों से उसे जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। आरोप है कि दोनों आरोपित अक्सर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को जबरन काम करने से रोकते थे। इतना ही नहीं, परिवार की महिलाओं द्वारा भी पीड़ित और उसके परिजनों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। घटना दिनांक 25 फरवरी 2026 की शाम करीब 5:30 बजे की बताई गई है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने आरोपितों से मजदूरों को काम से रोकने का विरोध किया और थाने में शिकायत करने की बात कही, तो दोनों आरोपी भड़क गए। इसके बाद वे घर के अंदर गए और कथित रूप से अवैध तमंचा व लाठी-डंडे लेकर लौटे। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य–शाहे आलम, आसिफ, नजरे आलम, तहजीब, माबिया तथा एक अज्ञात व्यक्ति भी शामिल हो गए। पीड़ित के अनुसार, सभी ने मिलकर उसे गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी और जमीन पर गिराकर उसके गले से सोने की चेन तथा जेब में रखे करीब 5200 रुपये छीन लिए। जब उसका भाई बचाने आया तो आरोप है कि शाहवेज आलम ने तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मोनिश पाशा का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद वह थाने पहुंचा, लेकिन पुलिस ने आरोपितों से कथित साठगांठ के चलते उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक अमरोहा को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार न्यायालय की शरण लेते हुए पीड़ित ने धारा 173(4) बीएनएसएस 2023 के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना डिडौली पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए। अदालत के आदेश के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचे की बरामदगी तथा अज्ञात आरोपी की पहचान सहित सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जाएगी। वहीं पीड़ित ने अपनी जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग भी की है।




# प्रशासन की पहल से सुलझा अंबेडकर जयंती विवाद, संयुक्त नेतृत्व में होगा आयोजन

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली अंबेडकर जयंती को लेकर पिछले दो महीनों से चल रहा विवाद आखिरकार प्रशासन की मध्यस्थता से सुलझ गया। कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक हसनपुर की मौजूदगी में दोनों पक्षों के 15-15 प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी पक्षों की बात सुनने के बाद सर्वसम्मति से समाधान निकाला गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष अंबेडकर जयंती का आयोजन संयुक्त नेतृत्व में किया जाएगा। इसके तहत वरिष्ठ शिक्षक एवं अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के महामंत्री विनोद कुमार गौतम तथा पूर्व अध्यक्ष चंचल सागर को संयुक्त रूप से अध्यक्ष बनाया गया है। दोनों के नेतृत्व में कार्यक्रम पूर्व की भांति डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर के तत्वाधान में आयोजित होंगे। इसके साथ ही एक अहम निर्णय यह भी लिया गया कि जयंती के निमंत्रण पत्र पर केवल दोनों संयुक्त अध्यक्षों के नाम ही अंकित होंगे, अन्य किसी पदाधिकारी का उल्लेख नहीं किया जाएगा। इस फैसले का दोनों पक्षों ने स्वागत करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के हसनपुर अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि इस बार अंबेडकर जयंती पूरे हर्षोल्लास, भाईचारे और एकता के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने सभी लोगों से मिल-जुलकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। बैठक में कोर कमेटी अध्यक्ष जयपाल सिंह, प्रधानाचार्य महिपाल सिंह, विजय गौतम, लवी सागर, मुकेश जाटव, रोहतास सिंह, अजब सिंह एडवोकेट, अरविंद कुमार अन्ना, डॉ. अशोक कुमार, मुरारी लाल मौर्य, संजय सिंह, बदन सिंह गौतम, मलखान सिंह, अमित हाली और दिनेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# कानून से खिलवाड़ नहीं : फर्जी पहचान बनाकर घूम रहे तीन गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर ब्यूरो।** अपराधियों पर सख्ती के अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस ने फर्जी दबंगई दिखाकर लोगों को गुमराह करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून का पाठ पढ़ाया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में मासूक पुत्र दुल्ले निवासी अगरौला, बहादुर पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी लुहारी खादर और हरद्वारी पुत्र शीशराम निवासी सिरसा गुर्जर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी फर्जी पहचान और रौब के जरिए लोगों को भ्रमित कर रहे थे, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा था। टीम ने सक्रियता दिखाते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायालय उपजिलाधिकारी हसनपुर के समक्ष पेश किया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा।



# संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ रवि कुमार**

**हसनपुर।** नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सीएचसी प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि मच्छरों के कारण मलेरिया, डेंगू और वायरल बुखार जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं, जिनसे बचाव के लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को सलाह दी कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी समय-समय पर बदलें और गंदे पानी को इकट्ठा न होने दें। साथ ही, क्षेत्र में एंटी-लार्वा का छिड़काव भी कराया जाएगा ताकि मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। डॉ. सिंह ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि शौच के लिए शौचालय का ही प्रयोग करें और खुले में शौच से बचें। यदि किसी बच्चे या व्यक्ति को बुखार हो, तो तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच और उपचार कराना चाहिए। रैली में फार्मेसिस्ट एमके जोशी, आसमां परवीन, डॉ. अब्दुल कादिर सहित आशा कार्यकर्ता एवं संगिनी मौजूद रहीं। रैली के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता अपनाने और भोजन से पहले व बाद में हाथ धोने के लिए जागरूक किया।




# शादी से लौट रही महिला पर हमला, गाली-गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रही महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जयतौली निवासी मैशर जहाँ पत्नी इशरत अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 30 मार्च को कस्बा उझारी में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। इसी दौरान गांव के ही आकिब पुत्र शकील अहमद और शानू पुत्र महबूब ने उन्हें देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, समारोह से लौटते समय उनके देवर के बेटे परवेज के मोबाइल पर आरोपियों का फोन आया और उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। कुछ देर बाद फत्तेहपुर खादर और बुरावली के बीच आरोपियों ने उनकी कार के आगे अपनी गाड़ी लगाकर रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। महिला ने बताया कि आरोपियों ने उनके बेटे शाहवेज को जान से मारने की धमकी भी दी। सड़क पर अन्य वाहनों की रोशनी आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# अमरोहा पुलिस की प्रभावी पैरवी का असर : विभिन्न मामलों में आरोपियों को सजा

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ सर्वेश यादव**



लखन सिंह यादव पुलिस अधीक्षक अमरोहा

**अमरोहा।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमरोहा पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने अलग-अलग मामलों में कई अभियुक्तों को कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है, जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को थाना गजरौला में पंजीकृत आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया। मु0अ0सं0 338/2011 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त शमीम पुत्र इशहाक निवासी मिया सराय, थाना नखासा जनपद संभल को 01 वर्ष के कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इसी क्रम में मु0अ0सं0 337/2011 में अभियुक्त गुलाब पुत्र हकीम निवासी सिरसी, थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को भी 01 वर्ष कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं, चोरी की संपत्ति रखने के मामले में न्यायालय ने और भी सख्ती दिखाई। मु0अ0सं0 339/2011 धारा 411 भादवि में अभियुक्त गुलाब एवं शमीम दोनों को 03-03 वर्ष के कारावास तथा 1000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। यह फैसला अपराध के प्रति न्यायालय की गंभीरता को दर्शाता है। इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट के मामलों में भी अमरोहा पुलिस की प्रभावी पैरवी रंग लाई। थाना डिडौली में पंजीकृत मु0अ0सं0 616/2009 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त आमिर पुत्र इम्तियाज निवासी सैथली को 02 वर्ष 03 माह के कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। वहीं, इसी मामले में एक अन्य अभियुक्त तहसीन पुत्र तहजीब निवासी नहरोली, थाना असमोली जनपद संभल को 02 वर्ष 08 माह के कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अमरोहा पुलिस द्वारा लगातार की जा रही प्रभावी पैरवी और सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी अपराधियों के खिलाफ इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे जनपद में कानून-व्यवस्था और मजबूत हो सके।

# पुलिस अधीक्षक की चौखट पर सुनवाई, शिकायतों के निस्तारण को मिली रफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज से आए शिकायतकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट, धोखाधड़ी और अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को मामलों के निष्पक्ष, पारदर्शी और शीघ्र निस्तारण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम जनता को न्याय दिलाना और पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने पर जोर दिया। जनसुनवाई में आए लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस अधीक्षक के सामने रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। इस पहल से पुलिस और जनता के बीच संवाद और विश्वास का सेतु और मजबूत होता नजर आया।





# शांति भंग की आशंका पर चला पुलिस का शिकंजा, युवक गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में थाना डिडौली पुलिस ने एक युवक को शांति भंग की आशंका के चलते गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस टीम ने क्षेत्राधिकारी नगर सर्किल अभिषेक कुमार यादव और प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाते हुए फहीम पुत्र शमशेर निवासी ग्राम चिरैया, थाना अमरपुर जनपद बांका (हाल निवासी चौधरी भट्टा, फत्तेहपुर माफी, थाना डिडौली) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार युवक की गतिविधियां संदिग्ध थीं और उससे शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका थी। इसी आधार पर उसे बीएनएसएस की धारा 170 के तहत हिरासत में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की।



# घर के बाहर खड़ी कार चोरी, अधिवक्ता ने दर्ज कराया मुकदमा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र में कार चोरी की एक घटना सामने आई है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव कायमपुर उर्फ कराररनगर निवासी अधिवक्ता मनोरम आर्य ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रार्थी के अनुसार उन्होंने 7 मार्च 2026 को दिल्ली निवासी दानिश से एक सफेद रंग की सिफ्ट कार मॉडल 2023 करीब चार लाख रुपये में खरीदी थी। 29 मार्च की रात लगभग 9:30 बजे उन्होंने अपनी कार घर के पास खड़ी की थी, जो कुछ देर बाद संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़ित ने बताया कि कार की एक चाबी उनके पास है, जबकि दूसरी चाबी विक्रेता के पास थी। चोरी के समय कार में करीब 10 हजार रुपये नकद और कुछ जरूरी कागजात भी मौजूद थे। वाहन खरीद के दौरान दो गवाह भी मौजूद थे, जिनका जिक्र तहरीर में किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।



# अमरोहा नगर थाने का औचक निरीक्षण : एसपी ने व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए सख्त निर्देश

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**




**अमरोहा।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने बुधवार को थाना अमरोहा नगर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेख, पीआरवी रूट चार्ट, अपराध रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर सहित विभिन्न दस्तावेजों की गहनता से जांच की। एसपी ने थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कैमरों की लाइव फीड चेक की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो सके। इसके साथ ही त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर कानून-व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती व लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के लिए भी निर्देशित किया गया। एसपी ने टॉप-10 अपराधियों की सूची की समीक्षा करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तेज करने को कहा। साथ ही शराब, खनन, पशु तस्करी और भूमाफिया जैसे अपराधों में संलिप्त लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की नियमित निगरानी और फ्लाई शीट में प्रविष्टियों को समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। थाना प्रभारी से वार्ता करते हुए उन्होंने महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावी ढंग से निपटाने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान के तहत अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी बल दिया गया। एसपी ने आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए थाने में स्वच्छ वातावरण, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और प्रसाधन की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर थाने को साफ-सुथरा व सुंदर बनाने और वृक्षारोपण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम रहे।

# डर नहीं, अब सहारा है खाकी : बच्चों को दिलाया स्कूल में दाखिला

**दैनिक बुलंद मंज़िल**




**हसनपुर ब्यूरो।** महिला सशक्तिकरण और बाल सुरक्षा को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5 के तहत कोतवाली हसनपुर पुलिस ने एक सराहनीय सामाजिक पहल करते हुए शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल की मुख्यधारा से जोड़ा। यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने वाली साबित हुई, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता का भी संदेश दे गई। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में बुधवार को कोतवाली हसनपुर क्षेत्र के गांव भीमा ठीकरी में अभियान चलाया गया। इस दौरान उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, महिला आरक्षी दिलशेर जहान और महिला कांस्टेबल डोली ने गांव-गांव जाकर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के बाद 10 बच्चों को चिन्हित कर उन्हें कंपोजिट विद्यालय भीमाठीकरी में दाखिला दिलाया गया। इनमें भावना, माधवी, अनुष्का, लवी, काव्य, दीक्षा, योगिता, उरूमी, रेहंस और लेविश शामिल हैं। सभी बच्चों का विधिवत नामांकन कर आवश्यक प्रपत्र विद्यालय प्रशासन को सौंपे गए। इस अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकताओं और ग्राम प्रधान का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अमरोहा पुलिस की यह पहल समाज के लिए प्रेरणादायक बनकर उभरी है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक अभियानों के माध्यम से शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाता

# पुलिस की सक्रियता से टला संभावित विवाद, 5 गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**






**नौगांवा सादात ब्यूरो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नौगांवा सादात पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना नौगांवा सादात पुलिस टीम ने शांति भंग की आशंका के मद्देनजर 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लिया गया, जो कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई कार्रवाई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उप जिलाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही, आमजन से भी शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है, ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

# मामूली विवाद बना जानलेवा हमला, तलवार से युवक को किया घायल


**दैनिक बुलंद मंज़िल**



**मंडी धनौरा ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में एक मामूली कहासुनी ने अचानक हिंसक मोड़ ले लिया, जब पड़ोसियों के बीच हुआ विवाद तलवारबाजी तक पहुंच गया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके हाथ पर गहरी चोट आई है। गांव निवासी नसीम पुत्र महबूब के अनुसार, 31 मार्च की रात करीब 9 बजे वह अपने घर के बाहर टहल रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले फरहान, इरशाद, फराना और एक अज्ञात व्यक्ति से किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि फरहान अपने घर से तलवार उठा लाया और नसीम के भाई वहीक पर हमला कर दिया। तलवार का वार सीधे वहीक के हाथ पर पड़ा, जिससे उसका हाथ बुरी तरह कट गया और हालत गंभीर हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की और पथराव शुरू कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हमले के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। यह घटना एक बार फिर यह सवाल खड़ा करती है कि छोटी-छोटी बातों पर बढ़ती हिंसा समाज के लिए कितना बड़ा खतरा बनती जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**



**नौगांवा सादात ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गालिब वाडा निवासी हितेश पुत्र यशवंत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को रात्रि करीब 8 बजे उनके पिता मोटरसाइकिल से गालिब वाडा से अमरोहा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरोहा में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता का पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। वहीं, तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

# अमरोहा में यातायात नियमों पर सख्ती : 170 वाहनों के चालान

## अतिक्रमण हटाकर व्यवस्था की दुरुस्त

**दैनिक बुलंद मंज़िल/असलम सैफी जिला प्रभारी**





**अमरोहा।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने बुधवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत जिले के प्रमुख चौराहों, तिराहों और व्यस्त मार्गों पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 170 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने विशेष रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले, मानक के विपरीत नंबर प्लेट इस्तेमाल करने वाले, तीन सवारी बैठाने वाले, बिना हेल्मेट चलने वाले तथा वाहनों पर आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्द लिखने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया गया, जिससे यातायात बाधित न हो और आम जनता को राहत मिल सके। वहीं, जिलाधिकारी के निर्देश पर 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत स्कूली वाहनों की भी सघन जांच की गई। इस दौरान बिना फिटनेस और बिना परमिट चल रहे 8 स्कूली वाहनों के चालान किए गए। नेशनल हाईवे-09 पर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए, जिससे हाईवे पर यातायात सुचारू बना रहे। अमरोहा पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, अपने वाहनों को मानकों के अनुरूप रखें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अमरोहा देहात पुलिस की कार्रवाई : चार अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**दैनिक बुलंद मंज़िल /जितेंद्र यादव**



**अमरोहा।** थाना अमरोहा देहात पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नौगांवा सादात अवधभान सिंह भदौरिया एवं थाना प्रभारी निरीक्षक श्री शोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने धारा 126/135/170 बीएनएसएस के अंतर्गत अभियुक्त कौशेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्रभान, अंकित पुत्र जगजीवन, शुभम पुत्र छत्रपाल तथा शिवम पुत्र गनेशी सिंह, सभी निवासी मोहल्ला मेहम्मदी की मढैया, थाना अमरोहा देहात को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सभी अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी है। आमजन से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा।

# रजबपुर पुलिस की कार्रवाई : एक अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय में पेश



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रजबपुर ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रजबपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बुधवार को थाना रजबपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक यादव के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने अभियुक्त अजय पुत्र राजवीर, निवासी ग्राम शहबाजपुर पट्टी थाना रजबपुर, जिला अमरोहा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत मामला दर्ज था। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का संदेश गया है।

# अधेक की मढ़ैया में सजे सपनों के पंख, बच्चों को मिला मेहनत का फल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**



**ढबारसी ब्यूरो।** ग्राम पंचायत साथलपुर की अधेक की मढ़ैया स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परिणाम के प्रगति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को उनके प्रदर्शन के अनुसार सराहना करते हुए बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है और नियमित अध्ययन से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जिन विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए, उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया, वहीं कमजोर छात्रों को आगे और मेहनत करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से भी संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने का अनुरोध किया। विद्यालय में इस आयोजन से बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और विद्यालय परिवार ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

# मुरादाबाद में सीडीओ का औचक निरीक्षण, स्कूलों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मऊ, उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ, प्राथमिक विद्यालय भटावली एवं प्राथमिक विद्यालय काजीपुरा का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मिड डे मील योजना के अंतर्गत निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन की उपलब्धता का सत्यापन किया, जो संतोषजनक पाया गया। साथ ही विद्यालयों में नवीन पाठ्य पुस्तकों के वितरण की स्थिति भी सही मिली उन्होंने विद्यालय परिसरों में कक्षा कक्ष, हैंड वॉश एरिया आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। कक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक को इसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए सीडीओ ने निर्देशित किया कि विज्ञान प्रयोगशाला एवं स्मार्ट क्लास का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। साथ ही नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# नारकोटिक्स तस्कर से पुलिस मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार



**बुलन्द मंज़िल संवाददाता**
**मुरादाबाद** पुलिस द्वारा नारकोटिक्स तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मोना उर्फ अमरदीप नामक तस्कर के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे मौके पर ही घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया घटना सोनकपुर पुल के नीचे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी मोना उर्फ अमरदीप ड्रग्स की सप्लाई के लिए भारी मात्रा में नशीले पदार्थ लेकर जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन पकड़े जाने के डर से उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी घायल आरोपी को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मोना उर्फ अमरदीप के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में 21 से अधिक गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में ह्यलक्ष्य ऐपह्न के तहत जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियानों को तेज कर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जाएगा।

# मुरादाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दुष्कर्म आरोपी समेत 4 गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद






**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद मुरादाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 13 व्यक्तियों और एक वारंटी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया बिलारी में दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार
थाना बिलारी क्षेत्र में 17 मार्च 2026 को दर्ज दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त ओमप्रकाश (22 वर्ष) निवासी ग्राम डाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है भोजपुर में विद्युत उपकेंद्र चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार थाना भोजपुर पुलिस ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पीपलसाना में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों–फरदीन (25 वर्ष) और मोहम्मद हसन (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर की प्लेट, पंखा मोटर सहित अन्य सामान व एक पिकअप वाहन बरामद किया गया है वाहन को सीज कर दिया गया है कांठ में आत्महत्या के लिए उकसाने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार
थाना कांठ क्षेत्र में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने पुष्पाजंली (31 वर्ष) निवासी अमरोहा/गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। आरोप है कि अभियुक्ता ने मृतक से 10 लाख रुपये की मांग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे परेशान होकर उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी शांति व्यवस्था बनाए रखने को 13 लोग हिरासत में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 13 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लिया गया, जबकि एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुरादाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दुष्कर्म आरोपी समेत 4 गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद मुरादाबाद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 13 व्यक्तियों और एक वारंटी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**बिलारी में दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार**

थाना बिलारी क्षेत्र में 17 मार्च 2026 को दर्ज दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त ओमप्रकाश (22 वर्ष) निवासी ग्राम डाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पीड़िता के साथ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

**भोजपुर में विद्युत उपकेंद्र चोरी का खुलासा, 2 गिरफ्तार**

थाना भोजपुर पुलिस ने 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पीपलसाना में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों–फरदीन (25 वर्ष) और मोहम्मद हसन (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, इंसुलेटर, ट्रांसफार्मर की प्लेट, पंखा मोटर सहित अन्य सामान व एक पिकअप वाहन बरामद किया गया है। वाहन को सीज कर दिया गया है।

**कांठ में आत्महत्या के लिए उकसाने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार**

थाना कांठ क्षेत्र में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने पुष्पाजंली (31 वर्ष) निवासी अमरोहा/गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। आरोप है कि अभियुक्ता ने मृतक से 10 लाख रुपये की मांग कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे परेशान होकर उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी।

शांति व्यवस्था बनाए रखने को 13 लोग हिरासत में

जनपदीय पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 13 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लिया गया, जबकि एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध व अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# काँठ विधानसभा में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: गुरेठा प्रकरण में चौकी इंचार्ज निलंबित, पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद

## पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गुरेठा गांव की घटना पर बढ़ा जनआक्रोश, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने लिया सख्त फैसला

**बुलंद मंजिल ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** जिले की काँठ विधानसभा क्षेत्र में सामने आए एक गंभीर प्रकरण में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित दरोगा एवं चौकी इंचार्ज उचेती को निलंबित कर दिया है। यह कदम मामले की प्रारंभिक जांच, ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार उठाई गई मांगों के बाद उठाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्र में न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गुरेठा गांव में हुई घटना को लेकर स्थानीय लोगों में लंबे समय से नाराजगी और असंतोष व्याप्त था। पीड़ित पक्ष लगातार न्याय की मांग कर रहा था और ग्रामीणों का आरोप था कि मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। जैसे-जैसे शिकायतें बढ़ीं, वैसे-वैसे पूरे क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश गहराता गया। इसी बीच राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से अपने स्तर पर उठाया। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी पीड़ा और शिकायतों को विस्तार से सुना। इसके बाद उन्होंने पूरे प्रकरण को प्रशासन के समक्ष रखते हुए निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की। सूत्रों के अनुसार, अभिनय चौधरी ने इस मामले को केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि लगातार प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाए रखा ताकि जांच निष्पक्ष ढंग से पूरी हो सके। उनके प्रयासों के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराई, जिसमें लापरवाही और शिकायतों को गंभीर पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने संबंधित दरोगा एवं चौकी इंचार्ज उचेती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय लोगों और पीड़ित परिवार में संतोष का माहौल देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जनप्रतिनिधि उनकी आवाज न उठाते, तो शायद उन्हें न्याय की यह उम्मीद भी न मिलती। गांव के लोगों का मानना है कि यह कार्रवाई प्रशासन के लिए भी एक संदेश है कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि आगे की जांच भी निष्पक्ष होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिनय चौधरी ने कहा कि ह्लआम जनता के साथ अन्याय किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हम हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे। जरूरत पड़ी तो उच्च अधिकारियों से भी सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि होने का वास्तविक अर्थ केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि जनता के दुख-दर्द में उनके साथ खड़ा रहना है। उनका यह बयान क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों ने उनके हस्तक्षेप को सकारात्मक पहल बताया है। फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में माहौल कुछ हद तक शांत हुआ है, लेकिन ग्रामीणों और पीड़ित परिवार की निगाहें अब आगे की जांच और अंतिम न्यायिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। लोगों का कहना है कि निलंबन केवल शुरूआत है, असली न्याय तब होगा जब पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों को उचित सजा मिलेगी।

# बेकरी संचालक हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार



**बुलंद मंजिल आसिम खान**
**मुरादाबाद।** थाना नागफनी क्षेत्र में बेकरी संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि वारदात में शामिल तीन शूटर अब भी फरार हैं। पुलिस ने फरार आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार, 28 फरवरी 2026 को जिगर कॉलोनी निवासी असद की बंगला गांव चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पहले आलमगीर और फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। विवेचना और साक्ष्य संकलन के दौरान आरिफ पुत्र जरीफ, निवासी विशनपुर भीमाठेर, थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। पुलिस के मुताबिक, उसने मुख्य आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश में भूमिका निभाई थी। इसी आधार पर थाना नागफनी पुलिस ने 1 अप्रैल बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में जफर हुसैन, सैफुल जफर और हुसैन अब भी फरार हैं। तीनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने इनके खिलाफ उद्घोषणा की कार्रवाई भी की है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना नागफनी पुलिस टीम ने की। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### रास्ते में युवती से अभद्रता और धमकी देने का आरोपी धरा, भेजा जेल



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
**मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र के एक गांव की एक युवती किसी काम से रास्ते से गुजर रही थी तभी गांव के ही एक युवक ने उसे रोककर बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया और जबरन खींचतान करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आसपास मौजूद महिलाएं मौके पर पहुंचीं और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता का आरोप है कि जाते समय आरोपी युवक ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकाली गई





**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ अपर निदेशक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. आशु अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा अभियान के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई।
रैली का आयोजन सीएमओ कार्यालय से प्रारंभ होकर पीली कोठी होते हुए कंपनी बाग तक किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना तथा वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर चंद्रनगर में भव्य कलश शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा क्षेत्र



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** श्रीबाला जी प्रचार समिति (रजि.) के तत्वावधान में प्राचीन लेखराज शिव मंदिर, चंद्रनगर से प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी राजीव गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान ह्लजय श्रीरामह्न और ह्लजय श्रीहनुमानह्न के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा शोभायात्रा में प्रभु श्री गणेश, माता रानी तथा श्री राम दरबार की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा लेखराज शिव मंदिर, चंद्रनगर से प्रारंभ होकर पुराना एलआईसी ऑफिस, लोकोशेड, फुव्वारा चौक, ताज बैंक्वेट हॉल, रेलवे हरथला कॉलोनी होते हुए पुनः अपने गंतव्य लेखराज मंदिर पर संपन्न हुई इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजकुमार दत्ता, शोभायात्रा संयोजक पंडित नरेश चंद्र शर्मा, अनीता शर्मा, सिंटू शर्मा, बंटी शर्मा, अनिल कुमार, मिंटू गुप्ता, विजेंद्र कुमार, पायल शर्मा, सोनू शर्मा, शिवम, उपासना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### एमबीएम गर्ल्स इण्टर कॉलेज मे इल्मा बतूल ने किया नाम रोशन




**बुलंद मंजिल- संवाददाता**
**मुरादाबाद।** एमबीएम गर्ल्स इण्टर कॉलेज सिरसी में प्री नर्सरी से कक्षा 11वीं तक का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इसमें इल्मा बतूल [ 99ड्ड55%] के साथ ऑलओवर स्कूल टॉपर रही। जबकी प्री नर्सरी से यूकेजी कक्षा तक मौ अयान पुत्र नौशाद अली [ 99.57%] रही, पहले से पाँचवी कक्षा तक निकिता पाल पुत्री दिनेश पाल [ 99.66%] छठी से आठवीं तक नीलम पाल [97.27%] 9वीं से 11वीं तक नफ़्सीन पुत्री इरफान [ 84.57%] टॉपर रही, एवं कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को ट्राफी व उपहार देकर प्रधानाचार्या रिफा सैय्यदा, संचालक मौ हैदर जैदी व उपप्रधानाचार्या रफत जहरा ने सम्मानित किया। इस मौके पर अतिरिक्त अनुशासन और उपस्थिति 80% होने पर मेडल देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर अध्यापक एवं अध्यापिकाएँ उम्मे कुलसूम, फिरदौस सैयदा, इल्मा अंसारी, तस्वीर फातमा, यमन, शबीहे जहरा, कहकशा, शाहिद हुसैन, विवेक कुमार, मुस्कान जहाँ, कनीज हादी, मंतशा जहरा, महक, कनीज सुगरा और अभिभावक उपस्थित रहे।

# साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी की मौजूदगी में नजीबाबाद प्रीमियर लीग 2026 का भव्य आगाज






**दैनिक बुलंद मंज़िल /मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर/नजीबाबाद।** नजीबाबाद प्रीमियर लीग 2026 झ्र मेगा एन पी एल क्रिकेट टूनार्मेंटह्व ने क्षेत्र में खेल के प्रति बढ़ते उत्साह और युवाओं के जुनून को एक नई पहचान दी। इस गरिमामयी अवसर पर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनकी मौजूदगी ने आयोजन की शोभा को और बढ़ा दिया।टूनार्मेंट के दौरान मैदान में उमड़ा युवाओं का जोश, खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन देखने लायक था। खिलाड़ियों ने न केवल अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि खेल भावना और आपसी सौहार्द का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजकों द्वारा इस प्रतियोगिता का भव्य, सुव्यवस्थित और सफल संचालन सराहनीय रहा। इस प्रकार के आयोजन न केवल छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, ऊर्जा और एकता का संदेश भी फैलाते हैं। आज खेले गए रोमांचक मुकाबले में ढहऊ और अधिवक्ता टीम आमने-सामने रहीं, जहां दोनों टीमों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुकाबला अंत तक रोमांच से भरपूर रहा और खेल भावना की मिसाल बन गया। सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। उम्मीद है कि भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजन निरंतर होते रहेंगे और क्षेत्र के युवा खेल के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करते हुए प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे।

## मिशन शक्ति 5.0 का गांव में जोरदार असर :

# माड़ी में पुलिस का बड़ा जागरूकता अभियान, महिलाओं-बालिकाओं को मिला सुरक्षा का संबल

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/हीमपुर दीपा।** जनपद बिजनौर में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम माड़ी में भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं, बालिकाओं और बुजुर्गों को एकत्रित कर उन्हें सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। दिनांक 01 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने,




अपने अधिकारों को पहचानने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। इनमें प्रमुख रूप से विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, वन स्टॉप सेंटर योजना और महिला शक्ति केंद्र योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान में विशेष रूप से बालिकाओं और छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने उन्हें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, साइबर बुलिंग और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धमकी या अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि छेड़छाड़, घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार के अपराध को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उसे हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 102/108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 101 (अग्निशमन सेवा) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) प्रमुख हैं। कार्यक्रम में थाना हीमपुर दीपा की मिशन शक्ति टीम के पुलिसकर्मी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को जागरूकता पंपलेट वितरित कर नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास और साइबर जागरूकता को नई मजबूती दे रहा है।

# विकास या विनाश चांदपुर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हरियाली पर चल रही आरी, सीएम से लगाई गुहार

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**







**चांदपुर।** में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हो रही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई अब बड़ा जनमुद्दा बनती जा रही है। फादर्स सन पब्लिक स्कूल से धनौरा रोड तक करीब 6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर वर्षों पुराने छायादार पेड़ों को काटे जाने से क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोग इसे विकास नहीं, बल्कि पर्यावरण के साथ खिलवाड़ मान रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये पेड़ न केवल राहगीरों को छाया देते थे, बल्कि क्षेत्र के तापमान को नियंत्रित रखने और शुद्ध हवा प्रदान करने में भी अहम भूमिका निभाते थे। अब तेजी से हो रही कटाई से चांदपुर की हरियाली खत्म होती नजर आ रही है और भविष्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी बीच पर्यावरण प्रेमियों और आम जनता ने Yogi Adityanat से भावुक अपील करते हुए कहा है कि विकास कार्यों के नाम पर चांदपुर को बिना हरियाली वाला क्षेत्रह्व बनने से बचाया जाए। उन्होंने मांग की है कि सड़क निर्माण के साथ-साथ पेड़ों के संरक्षण और बड़े स्तर पर पौधारोपण को अनिवार्य किया जाए। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने भी इस पर कड़ा रुख अपनाया। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर ने कहा, ह्वविकास जरूरी है, लेकिन प्रकृति की कीमत पर नहीं। अगर पेड़ ही नहीं बचेंगे तो आने वाली पीढ़ियां किस वातावरण में सांस लेंगी प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाति तोमर ने कहा, ह्लमहिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ेगा। प्रदूषण और गर्मी बढ़ने से जीवन और मुश्किल होगा। सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूत ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्लचांदपुर में पहले ही कॉलोनियों के नाम पर हरियाली खत्म की जा चुकी है। अब सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी पेड़ों की कटाई हो रही है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में चांदपुर ह्यकंक्रीट जंगलह्न बनकर रह जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है, जिससे तापमान में वृद्धि, वायु प्रदूषण और ऑक्सीजन की कमी जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि विकास कार्यों के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाए। पेड़ों की कटाई के बदले बड़े स्तर पर पौधारोपण कराया जाए और ऐसी योजनाएं बनाई जाएं, जिससे हरियाली भी बचे और विकास भी हो। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या चांदपुर का भविष्य हरियाली से भरा होगा या फिर विकास की दौड़ में प्रकृति का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

# चांदपुर में 8 लाख की चोरी का खुलासा बना पहेली

## 4 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस, 4 टीमें जांच में जुटीं

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** क्षेत्र में व्यापारी के घर हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चार दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मामला चांदपुर के मोहल्ला चिम्मन, जलीलपुर मार्ग का है, जहां व्यापारी निरीश कुमार उर्फ बिल्लू गुप्ता के घर गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने सुनियोजित तरीके से बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के शौचालय का लोहे का जंगला काटकर अंदर प्रवेश किया, जिससे उनकी तैयारी और प्रोफेशनल अंदाज का




अंदाजा लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, चोर सीधे मुकुल गुप्ता के कमरे तक पहुंचे और वहां रखी ड्रेसिंग रूम की लकड़ी की सेफ अलमारी को निशाना बनाया। चोरों ने अलमारी में रखे करीब 60 ग्राम सोने के आभूषण और लगभग 8 लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिवार को हुई, जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए और घटना को लेकर आक्रोश जताने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चार टीमें गठित कर दी हैं, जो सीसीटीवी फुटेज खंगालने, संदिग्धों से पूछताछ और आसपास के इलाकों में छानबीन में जुटी हुई हैं। इसके बावजूद अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा करने और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है। यह वारदात न सिर्फ पुलिस के लिए चुनौती बन गई है, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की पोल भी खोल रही है। अब देखना यह है कि पुलिस कब तक इस हाई-प्रोफाइल चोरी का खुलासा कर पाती है।

# डीएम जसजीत कौर ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बुलंद मंज़िल/ जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर ।** कलक्ट्रेट परिसर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान




को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। रैली में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया। रैली कलक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए शहर में भ्रमण करती हुई पुनः कलक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता, साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने संकल्प लिया कि अभियान को सफल बनाकर जनपद को संचारी रोगों से मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

# सीएचसी स्योहारा में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

## 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान, प्रभारी चिकित्सक डॉ बी. के. स्नेही

**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**स्योहारा (बिजनौर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.के. स्नेही द्वारा 1 अप्रैल 2026 से शुरू हुए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया गया और उपस्थित कर्मचारियों व लोगों को शपथ दिलाई गई। यह अभियान 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा, जिसमें 12 विभागों की सहभागिता है तथा स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया




है।अभियान के तहत हाई रिस्क गांवों में एंटी लार्वा छिड़काव कराया जाएगा और वेक्टर जनित व जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। डॉ. स्नेही ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई रखें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं और बुखार होने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर उपचार कराएं।उन्होंने बताया कि जागरूकता ही संचारी रोगों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम और आशा कार्यकताओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान समस्त कर्मचारी जिनमें ,हैल्थ सुपरवाइजर एचएस राजेश कुमार, वीर सिंह,फार्मासिस्ट प्रदीप रावत, योगेश, हरीश , स्नेहलता एलटी,डॉ आंचल त्यागी,डॉ तृप्ति पांडे,डा राकेश कुमार, डॉ0 हाशिम, डॉ प्रणव, धीरेंद्र सिंह,सुमित कुमार, उमेश,अमित कुमार, जोगेश,राहुल कुमार,मोहम्मद फारूख, जॉनी और अन्य आशा संगिनी संयोगिता समेत अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# 14 टायर ट्रक लूट का मामला पहुंचा कोर्ट, कार्रवाई न होने पर सीजेएम से लगाई गुहार रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी**

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में 14 टायर ट्रक लूट का मामला अब न्यायालय पहुंच गया है।पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से परेशान पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने और ट्रक बरामद कराने की मांग की है।ग्राम उमरी निवासी नईम पुत्र फारुख ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 टायर ट्रक उसके सगे भांजे फैजान पुत्र इकराम निवासी ग्राम गावड़ी पनियाला थाना नूरपुर के नाम पंजीकृत है,जिसे वह स्वयं चलाता था और ट्रक उसके घर पर ही खड़ा रहता था।पीड़ित के अनुसार,हरियाणा के जमुना नगर निवासी एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर के जरिए ट्रक को बिहार के मधूपुरा से लकड़ी लोड कर हरियाणा लाने के लिए बुक किया था।28 अगस्त 2025 को वह ट्रक लेकर निकला,तभी रास्ते में उक्त व्यक्ति ने अपने 3 4 साथियों के साथ मिलकर ट्रक लूट लिया।विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर तमंचे से फायर भी किया,जिसमें वह बाल-बाल बच गया।नईम का आरोप है कि घटना के बाद उसने थाना कोतवाली देहात में तहरीर दी,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।इसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया,फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।अब पीड़ित ने सीजेएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने और लूटा गया ट्रक बरामद कराने के आदेश देने की मांग की।

# रिश्तेदारी में शादी समारोह के दौरान महिला व उसके परिवार से मारपीट,जान से मारने की धमकी

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी**

**नगीना देहात।** एक शादी समारोह के दौरान महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट व गाली गलौच का मामला सामने आया है।पीड़िता ने अपने ही मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।गुलिस्ता परवीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब 11 वर्ष पूर्व उसने अपनी मर्जी से रियासत अली के साथ विवाह किया था।इस विवाह से नाराज उसके पिता और भाई से उसका संपर्क लंबे समय से नहीं था, हालांकि अन्य रिश्तेदारों के यहां उसका आना जाना बना हुआ था।बताया कि दो दिन पहले शाम करीब छह बजे वह अपने पति और बच्चों के साथ ग्राम हरी सिंह का भौगला में एक रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने गई थी।इसी दौरान उसका सगा भाई तस्लीम, भतीजा जैद,फूजैल और खलेरे भाई सावेज भी वहां पहुंच गए।आरोप है कि सभी लोग उसे और उसके परिवार को देखकर आगबबूला हो गए और गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे।पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी।मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने किसी तरह बीच बचाव कर उन्हें बचाया।

# चांदपुर में मिशन शक्ति 5.0 का दमदार आगाज :

## स्कूल में जुटीं सैकड़ों छात्राएं, महिला सुरक्षा व योजनाओं पर हुआ बड़ा जागरूकता अभियान




**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना चांदपुर क्षेत्रान्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय दरबाड़ा में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एंटी रोमियो टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करते हुए सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महिला हेड कांस्टेबल दीपा आर्या, महिला कांस्टेबल रीतू तोमर एवं महिला कांस्टेबल मनाली शर्मा ने बालिकाओं को एकत्रित कर बाल विवाह मुक्त अभियान के महत्व को समझाया और इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। साथ ही साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर महिलाओं और छात्राओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा नशा मुक्ति भारत अभियान शामिल रहे। महिला पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम के दौरान आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तार से जानकारी दी, जिनमें वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तुरंत इन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए। पुलिस टीम ने सभी से अपील की कि वे जागरूक बनें और अपने आसपास भी लोगों को जागरूक करें, ताकि समाज को सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सके। इस अभियान से क्षेत्र में महिला सुरक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बना है और बालिकाओं में आत्मविश्वास के साथ जागरूकता का संचार हुआ है।

# चोरी की मोटरसाइकिल समेत युवक गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी**

**नगीना।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक दीपक शर्मा टीम के साथ क्षेत्र में अपराध रोकथाम और वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध हालत में एक युवक को रोका गया।पूछताछ और जांच में युवक की पहचान नितिन कुमार उर्फ टापू पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम मातीपुर गांवड़ी,के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक काली स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई,जो चोरी की निकली।पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त मोटरसाइकिल की चोरी के संबंध में पहले से ही कोतवाली शहर में मामला दर्ज है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

# टेंट के विवाद में घर में घुसकर दंपति पर हमला,पति का हाथ टूटा

**दैनिक बुलंद मंजिल /यासिर शम्सी**

**कोतवाली देहात।** ग्राम औरंगशाहपुर गंगाधर में शादी समारोह के दौरान टेंट के सामान को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट कर दी।हमले में पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका हाथ टूटने की बात सामने आई है। पीड़िता नाजमा खातून पत्नी कदीर मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर पर शादी समारोह चल रहा था। रविवार को टेंट के सामान को लेकर हुए विवाद के दौरान ग्राम अलीनगर थाना नहटौर निवासी शादाब पुत्र खुर्शीद,फिरोज पुत्र अमीर व एक अन्य फिरोज ने मिलकर उनके घर में घुसकर गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी।शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे उनके पति कदीर अहमद को आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया,जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया।घटना के दौरान आसपास के लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# घर में घुसकर नकदी व जेवरात चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**कोतवाली देहात ।** क्षेत्र के ग्राम पित्तनहेड़ी जिया में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए नकदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।मोहम्मद असगर पुत्र मोहम्मद अली के अनुसार, वह 17 दिसंबर को अपनी मां हनीफा की तबीयत खराब होने के कारण परिवार सहित ऋषिकेश एम्स गए हुए थे।26 दिसंबर को ग्राम प्रधान ने उन्हें सूचना दी कि उनका घर खुला पड़ा है।सूचना मिलते ही असगर गांव पहुंचे और घर की जांच की तो अंदर से नकदी व सोने चांदी के जेवरात गायब मिले।पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली देहात पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की,पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नूरपुर पुलिस ने चोरी का खुलासा कर आरोपी को लैपटॉप सहित दबोचा



**दैनिक बुलंद मंजिल गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** नगर मे अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नूरपुर पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को चोरी किए गए लैपटॉप सहित गिरफ्तार कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 मार्च 2026 को अज्ञात चोर द्वारा अखिलेश कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी ग्राम ताजपुर, थाना नूरपुर के दुकान से लैपटॉप चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन कर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 31 मार्च 2026 को ताजपुर बिजलीघर के पास नहर पुलिया के निकट मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार पुत्र परशुराम सिंह निवासी ग्राम कोलासागर, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लैपटॉप बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है तथा उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल भूप सिंह तथा हेड कांस्टेबल प्रभाकर राव शामिल रहे।पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्कूल चलो अभियान को दिया बढ़ावा, शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर



**दैनिक बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** 01 अप्रैल 2026 को जनपद में स्थित इन्दिरा बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ॒स्कूल चलो अभियान॒ के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी वर्गों के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं से अपील की कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश भी दिए गए।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सीडीओ रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश भी दिए गए।

# युवक से मारपीट,तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी।**

**नगीना देहात।** गांव मुर्तजापुर उर्फ चन्दनवाला में एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के चलते पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्यारेलाल पुत्र नत्थू सिंह रात करीब 8 बजे पड़ोस की दुकान से बीड़ी और माचिस लेने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही मोबिन,मुर्शरफ,जावेद,सुफियान और मुकिम बोलेरो गाड़ी से वहां पहुंचे और गाली गलौज करने लगे।विरोध करने पर आरोपियों ने प्यारेलाल के साथ मारपीट की।पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान मुर्शरफ ने तमंचा निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# युवती से छेड़छाड़,विरोध पर जान से मारने की धमकी

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना।** नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री के साथ दोपहर करीब 2:30 बजे मोहल्ले के ही अल्फैज ने छेड़छाड़ की।युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने पिता को दी।इसके बाद जब आरोपी को समझाने पहुंचे तो आरोप है कि अल्फैज ने उनके साथ भी गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।



# पत्नी को लेने गए ससुराल पक्ष पर हमला,तीन घायल,एक का हाथ फ्रैक्चर

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**बढ़ापुर।** ग्राम सादातपुर गढ़ी में पत्नी को लिवाने गए ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है।पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मंझेड़ा शकरू थाना नगीना निवासी निसार अहमद,आरिफ और जावेद बीते 26 मार्च को जावेद की पत्नी जैनब को लिवाने के लिए उसके मायके ग्राम सादातपुर गढ़ी गए थे।आरोप है कि वहां जैनब के पिता अलाउद्दीन ने बेटी को भेजने से इनकार कर दिया।इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद अलाउद्दीन, सिराजुद्दीन, जावेदुद्दीन और रिहान ने मिलकर तीनों को बंधक बना लिया और लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया।हमले में निसार के सिर और कमर में गंभीर चोटें आईं,जबकि आरिफ के हाथ में फ्रैक्चर हो गया।

घायलों को पहले नगीना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां से निसार की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया।

# दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी के घर धावा, 4 लाख के जेवर-नकदी चोरी, टोपी छोड़ भागे चोर

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/हीमपुर दीपा।** थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े कपड़ा व्यापारी के घर हुई बड़ी चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोर सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बंसल क्लॉथ हाउस के मालिक मुनीस बंसल का परिवार दोपहर करीब 12 बजे किसी जरूरी काम से घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे चोरों ने मौका पाकर मुख्य गेट की खिड़की खोलकर घर में प्रवेश किया और आराम से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। व्यापारी हार्दिक कुमार गुप्ता ने बताया कि चोर घर से करीब 75 हजार रुपये नकद और लगभग 4 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में सोने की दो अंगूठियां, तीन जोड़ी बालियां, एक मंगलसूत्र, आठ दर्जन चांदी की पाजेब और चांदी के सिक्के शामिल हैं। वारदात के दौरान चोरों ने घर में रखे रसोई गैस सिलेंडर को भी उठाने का प्रयास किया, लेकिन किसी कारणवश सफल नहीं हो सके और उसे मुख्य दरवाजे पर ही छोड़कर फरार हो गए। मौके से एक टोपी भी बरामद हुई है, जिसे पुलिस अहम सुराग मानकर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही हीमपुर दीपा और रतनपुर खुर्द के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल, इस वारदात ने पुलिस की गश्त व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# युवक से मारपीट,सिर में लगी गंभीर चोट,रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी।**

**नगीना।** नगर के खुर्रम अली सराय में एक युवक के साथ मारपीट का होने के चलते पीड़ित ने चार लोगों पर गाली गलौज,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।मोहम्मद शेफ पुत्र जुल्फकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब 10 बजे वह अपने घर पर बैठा था।इसी दौरान दिलशाद पुत्र अब्दुल रहीम,उसके साले फैजान पुत्र कदीर,बड़े भाई और शादाब समेत चार लोग वहां पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया।पीड़ित के अनुसार,आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की,जिससे उसके सिर पर चोट आई और सात टांके लगाने पड़े।इसके अलावा कमर और हाथ में भी चोटें आई हैं। आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# मंडी गेट पर युवक से मारपीट,बेल्ट और बैट से पीटा

**दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी।**

**नगीना।** लाइन पार मंडी के मुख्य गेट पर चावल खरीदकर लौट रहे एक युवक के साथ तीन युवकों ने मारपीट कर दी।आरोप है कि हमलावरों ने बेल्ट और बैट से हमला कर उसे घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। क्षत्रिय कॉलोनी निवासी मदन सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम करीब छह बजे वह चावल खरीदने के लिए मंडी गए थे।चावल खरीदने के बाद जब वह रिक्शा करने के लिए मेन गेट पर पहुंचे,तभी बिना किसी बात के तीन युवकों ने उन्हें धक्का दे दिया।विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने बेल्ट और बैट से उन्हें जमीन पर गिराकर पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग करने वाले छह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंजिल गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मिठाई में घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मिठाई निवासी अर्जुन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिन ग्राम कुंडा खुर्द निवासी हरीराज सिंह पुत्र रघुराज सिंह, सोनू, नितिन, हिमांशु व जागेश (पुत्रगण हरीराज सिंह) तथा सचिन पुत्र जगवीर सिंह कार से उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।पीड़ित के अनुसार, इस दौरान सचिन और जागेश ने तमंचे से फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दी, जिसमें उसकी बेटी बाल-बाल बच गई। वहीं, तमंचे को लेकर हुई छीना-झपटी में उसके पिता घायल हो गए।घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष परवेज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी किया गिरफ्तार



**दैनिक बुलंद मंजिल गुलफाम राजा**

**नूरपुर।** नगर में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नूरपुर पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। थाना नूरपुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार, बीते दिनों एक व्यक्ति ने थाना नूरपुर में तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मामले में पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम मछमार, थाना नहटौर, जनपद बिजनौर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजत राणा, कांस्टेबल मोहित कुमार और कांस्टेबल मनीष बंसी शामिल रहे।पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बढ़ापुर उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य के चलते 4 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना।** बढ़ापुर विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि 03 अप्रैल (शुक्रवार) को 33/11 केवी बढ़ापुर उपकेंद्र पर जर्जर 33 केवी साइड के आइसोलेटर बदलने का कार्य प्रस्तावित है।इस कारण उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी।विभाग के अनुसार, यह कार्य ग्रीष्मकालीन मौसम में विद्युत आपूर्ति को सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने आवश्यक कार्य समय से पहले निपटा लें तथा इस दौरान धैर्य व शांति बनाए रखें।

# चांदपुर रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति का मेगा अभियान

## पुलिस ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, सुरक्षा व योजनाओं की दी अहम जानकारी

दैनिक बुलंद मंजिल
नागेन्द्र राजपूत





**चांदपुर** । महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना चांदपुर पुलिस ने एक बार फिर सराहनीय पहल करते हुए कस्बा क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं, बालिकाओं और यात्रियों को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। दिनांक 31 मार्च 2026 को आयोजित इस अभियान में महिला उपनिरीक्षक कुमारी जया एवं महिला कांस्टेबल प्रिया ने रेलवे स्टेशन परिसर में उपस्थित लोगों को एकत्रित कर मिशन शक्ति केंद्र द्वारा दी जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बाल विवाह मुक्त अभियान पर जोर देते हुए इसके सामाजिक और कानूनी दुष्परिणामों को समझाया और सभी से इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। इसके साथ ही साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक और सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी निजी जानकारी साझा न करें और सतर्क रहें। कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान प्रमुख रूप से शामिल रहे। महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित लोगों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। अभियान के अंत में लोगों को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए। पुलिस टीम ने आमजन से अपील की कि वे जागरूक बनें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। इस अभियान ने रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान पर लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही मिशन शक्ति के उद्देश्यों को मजबूती प्रदान की है।

# पांच अहम निर्णयों के साथ मंसूरी समाज की बैठक संपन्न

दैनिक बुलंद मंजिल
गुलफाम राजा



**नूरपुर**। बुधवार को नूरपुर-धामपुर मार्ग स्थित न्यू हेवन इंटर कॉलेज में मंसूरी बिरादरी की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर क्षेत्र के मंसूरी समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता भारतीय मंसूरी बिरादरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूसुफ मंसूरी ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से समाजहित में पांच महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्णयों में कहा गया कि बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ-साथ दीनी शिक्षा भी दिलाई जाए। शादियों में फिजूलखर्ची पर रोक लगाई जाए तथा आतिशबाजी, बैंड-बाजा और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा शादी समारोहों में नई परंपराओं जैसे हल्दी-मेहंदी की रस्मों को न अपनाने तथा दहेज में चौपहिया वाहन और अनावश्यक सामान न देने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि शादी की तारीख की सूचना मोबाइल फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से दी जाए। यूसुफ मंसूरी ने कहा कि इन सभी निर्णयों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित वरिष्ठजनों ने फैसलों का स्वागत करते हुए समाज को एकजुट और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव सलीम मंसूरी ने कहा कि ऐसे निर्णय समाज को सशक्त और परिपक्व बनाने में सहायक होंगे। वहीं प्रदेश सचिव ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता और प्रगति पर जोर दिया।बैठक में हाजी इमामुद्दीन, मास्टर नफीस मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी, जावेद मंसूरी, डॉ. शकील मंसूरी, डॉ. जाकिर मंसूरी, एडवोकेट शादाब मंसूरी, असलम मंसूरी, इमरान मंसूरी, शेरखान मंसूरी, नईम मंसूरी, दिलशाद, अफजाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत,चालक पर लापरवाही का आरोप

दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी।

**नगीना देहात**। क्षेत्र में डंपर की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी थाना नजीबाबाद निवासी नफीस ने थाना नगीना देहात में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र गजम्फर सुबह करीब 11 बजे ग्राम सुन्दरवाली में पट्टे पर काम की तलाश में जा रहा था।इसी दौरान हिन्दुस्तान स्टोर क्रेशर के पास एक डंपर के चालक शोऐब पुत्र मुकीम ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर लगने से गजम्फर सड़क पर गिर गया और डंपर का अगला पहिया उसके सीने के ऊपर चढ़ गया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# रास्ते में युवक पर हमला,डंडों और बेल्ट से पीटकर घायल

दैनिक बुलंद मंजिल /यासिर शम्सी।

**नगीना देहात**। ग्राम रानीकोटा के पास रास्ते में जा रहे एक युवक पर चार अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया।हमलावरों ने युवक को डंडों और बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जोगीरम्पुरी निवासी शाकिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका तहेरा भाई शहजाद पुत्र आरिफ शाम करीब 6 बजे ग्राम जटपुरा से अपने गांव लौट रहा था।जब वह ग्राम रानीकोटा के पास पहुंचा,तभी चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया।आरोप है कि हमलावरों ने दो दिन पहले दरगाह पर हुई कहासुनी को लेकर शहजाद के साथ गाली गलौच शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने उसके सिर पर डंडों और बेल्ट से हमला कर दिया,जिससे वह घायल हो गया।शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े,जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# एंटी रोमियो टीम की कार्रवाई : चार पर मुकदमा, दो आरोपी गिरफ्तार



दैनिक बुलंद मंज़िल

**मंडी धनौरा ब्यूरो**। थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक शांति भंग करने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में थाना मंडी धनौरा पुलिस सक्रिय रूप से अभियान चला रही है। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम द्वारा मु0अ0सं0 107/2026 धारा 296 बीएनएस के तहत चार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दो आरोपियों राहुल पुत्र राज किशोर और रोहित पुत्र राज कुमार निवासी मोहल्ला गांधीनगर, कस्बा व थाना मंडी धनौरा को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम धनौरा न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# मंसूरी समाज ने शादियों में फिजूल खर्च पर रोक लगाई

दैनिक बुलंद मंजिल
गुलफाम राजा



**नूरपुर**। भारतीय मंसूरी समाज की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बैठक न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर में आयोजित की गई। जिसमें मंसूरी समाज के जिम्मेदार और जागरुक साथियों ने बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब युसूफ मंसूरी साहब ने मंसूरी समाज को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय मंसूरी समाज की तरक्की के लिए लिये जिसमें। 1) बेटे और बेटियों को दुनियाबी तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी दिलाए। 2) शादियों में फिजूल खर्च न करें। 3) शादियों में आतिशबाजी बैंड बाजा और डी०जे० पर रोक लगाए। 4) शादियों में कोई भी नई परंपरा जैसे हल्दी मेहंदी रस्म न करें। 5) दहेज में चार पहिया वाहन न दे। 6) शादियों की तारीख की सूचना मोबाइल या व्हाट्सएप के द्वारा भेजें। मंसूरी समाज के साथियों ने इन निर्णयो की सर्वसम्मति से सराहना की और इन निर्णयो को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी प्रतिएक मंसूरी साथी को सोपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब युसूफ मंसूरी साहब के कुशल नेतृत्व और संघर्षील नेतृत्व की विशेष रूप से प्रसंसा की गई। उपस्थित सभी मंसूरी साथियों ने एकजुट होकर मंसूरी समाज को ओर अधिक मजबूत बनाने तथा मंसूरी समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। भारतीय मंसूरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव जनाब सलीम मंसूरी साहब ने कहा कि मंसूरी समाज को मजबूत करने की दिशा में यह निर्णय एक बड़ा ऐतिहासिक फैसला है। सलीम मंसूरी ने इन निर्णयो को ऐतिहासिक बताया और हमें इन पर मजबूती के साथ काम करना है। जिससे मंसूरी समाज को नई दिशा व तरक्की मिलेगी। और इन निर्णयो को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएं। उपस्थित सभी मंसूरी साथियों ने इन निर्णयो का स्वागत किया। इन निर्णयो से मंसूरी समाज को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। भारतीय मंसूरी समाज के प्रदेश सचिव जनाब शाकिर मंसूरी साहब ने मंसूरी समाज के जिम्मेदार और सम्मानित साथियों का संगठन में स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि हमारी मेहनत और संघर्ष से मंसूरी पूरे देश में और अधिक मजबूत व संगठित होंगे। मंसूरी समाज के मेहनती व संघर्षील साथियों को सम्मानित भी किया गया जिसमें हाजी इमामुद्दीन मंसूरी ,नफीस अहमद मंसूरी, फिरोज मंसूरी ,शाकिर मंसूरी, जावेद मंसूरी साहब। बैठक का समापन एकजुटता भाईचारे और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ किया गया। जनाब नफीस अहमद मंसूरी ,हाजी इमामुद्दीन मंसूरी, फिरोज मंसूरी, शाकिर मंसूरी ,डॉक्टर जाकिर मंसूरी ,डॉक्टर शकील मंसूरी ,एडवोकेट सादाब मंसूरी, मास्टर असलम मंसूरी ,मास्टर इमरान मंसूरी ,शेरखान मंसूरी, नईम मंसूरी ,दिलशाद मंसूरी, अफजल मंसूरी, इमरान मंसूरी, आदि ने बैठक को संबोधित किया।

# अधेक की मढ़ैया में सजे सपनों के पंख, बच्चों को मिला मेहनत का फल



दैनिक बुलंद मंज़िल

**ढबारसी ब्यूरो**। ग्राम पंचायत साथलपुर की अधेक की मढ़ैया स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परिणाम के प्रगति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को उनके प्रदर्शन के अनुसार सराहना करते हुए बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है और नियमित अध्ययन से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। जिन विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए, उन्हें विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया, वहीं कमजोर छात्रों को आगे और मेहनत करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से भी संवाद किया और बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने का अनुरोध किया। विद्यालय में इस आयोजन से बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। अंत में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और विद्यालय परिवार ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता।

# बारूद के गोले से 11 वर्षीय बालक घायल,शिकार के लिए लगाया गया था जाल

दैनिक बुलंद मंजिल / यासिर शम्सी।

**बढ़ापुर**। क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी में जंगल किनारे खेत की बाड़ के पास दबाए गए बारूद के गोले के फटने से 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम बहेड़ी निवासी कासिम का 11 वर्षीय पुत्र आकिब खेत के पास गया हुआ था।इसी दौरान जमीन में दबाए गए बारूद के गोले में अचानक विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आकर वह घायल हो गया।परिजनों ने तत्काल घायल बालक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित कासिम का आरोप है कि जंगल में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बारूद के गोले खादर इलाके के निवासी राजवीर सिंह पुत्र जीत सिंह व काली सिंह द्वारा दबाए गए थे।बताया कि ये लोग ग्राम छायली निवासी रणजीत सिंह के बुलावे पर यहां आते हैं।कासिम ने बताया कि करीब छह माह पूर्व भी इसी तरह के गोले की चपेट में आकर उसकी भैंस की मौत हो चुकी है। उस समय आरोपियों ने दोबारा ऐसा न करने का आश्वासन दिया था,लेकिन इसके बावजूद फिर से बारूद का गोला दबा दिया गया।

# बेटे की आत्महत्या के बाद बहू ने खाया जहर, ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप

दैनिक बुलंद मंज़िल

बरेली। थाना विशारतगंज क्षेत्र के गांव गुरु खजवाई में पारिवारिक विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बेटे की आत्महत्या के कुछ दिनों बाद बहू द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। महिला का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।गांव निवासी सुख रानी ने बताया कि उनके बेटे रामसेवक ने होली के दो दिन बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों का आरोप है कि उसकी पत्नी सीता रानी के आचरण को लेकर घर में लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिससे वह परेशान रहता था। परिवार के अनुसार, 28वर्ष सीता रानी पिछले दो दिनों से घर से गायब थी। मायके में तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद वह अचानक घर लौटी, जहां सास और जेठ ने उससे पूछताछ की। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि सीता रानी ने घर में रखी जहरीली दवा पी ली।

हालत बिगड़ने पर परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।वहीं, पीड़ित महिला सीता रानी ने सास और जेठ पर उत्पीड़न और परेशान करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से तनाव में थी।

# सीमा रामवीर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री योगी से हाथरस के विकास पर की अहम चर्चा

### -हाथरस में सड़क, पेयजल और शिक्षा के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट

### -जिला पंचायत अध्यक्ष की पहलः हाथरस विकास योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन

अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल



**हाथरस**। जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा रामवीर उपाध्याय ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में जनपद हाथरस के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हाथरस में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा संस्थानों के सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे और शीघ्र स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की अपील की।

सीमा रामवीर उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला पंचायत पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और आगे भी विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा हाथरस के विकास में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का भी आश्वासन दिया ताकि प्रस्तावित योजनाओं पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष की यह पहल जनपद के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जंगली कुत्ते ने राहगीर को काटा, इलाके में दहशत

दैनिक बुलंद मंज़िल

बरेली। शहर के इज्जतनगर क्षेत्र में जंगली कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह एक राहगीर पर अचानक हुए हमले ने इलाके में दहशत फैला दी। घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना इज्जतनगर क्षेत्र के आशुतोष सिटी निवासी भानु प्रताप (40) बुधवार सुबह अपने काम से लौट रहे थे। तभी रास्ते में अचानक एक जंगली कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने उनके बाएं पैर में काट लिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल भानु प्रताप की हालत सामान्य बताई जा रही है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। इलाके में दहशत, कार्रवाई की मांग स्थानीय लोगों का कहना है कि आशुतोष सिटी और आसपास के इलाकों में जंगली/आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। लोगों ने नगर निगम से जल्द कार्रवाई कर कुत्तों को पकड़ने और इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# रामपुर एसपी को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने दी भावभीनी विदाई

## जनपद में बहुत ही सुन्दर रही कानून व्यवस्था , जनता ने की सराहना



**दैनिक बुलंद मंज़िल/ विनोद गुप्ता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से भावभीनी विदाई दी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी विद्यासागर मिश्र को भावभीनी विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान एसपी विद्यासागर मिश्र ने मंच से शाहबाद के पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा एसपी विद्यासागर मिश्र के कार्यकाल की जमकर सराहना की गई वही पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों के द्वारा एसपी विद्यासागर मिश्र के स्वस्थ जीवन की कामना की गई। बता दे की जनपद रामपुर में बहुत सुंदर कानून व्यवस्था का अनुशासन एसपी ने बनाया था।

# श्री डालचंद इंटर कॉलेज में मेधावियों को पुरस्कार एवं रिपोर्ट कार्ड दिए , खिले चेहरे

## प्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**दैनिक बुलंद मंज़िल/विनोद गुप्ता**

**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर की तहसील शाहाबाद क्षेत्र के आशादीप एकेडमी, बड़ागांव में वार्षिक परीक्षाफल बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।







विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि ॢसफलता मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। आज सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। हमें आशा है कि ये सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंगे।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी पूरे समर्पण के साथ पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया


इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमित सहित शाइस्ता, पूजा ठाकुर, साफिया खानम, इलमा, असफिया, बुशरा बी, सादिया बी, आयजा बी, अंशु शर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

# शाहबाद निवासी युवक मोईश उर्फ़ मोनू का शव तीसरे दिन रामगंगा में मिला

## पीएसी की 23 वीं बटालियन स्टीम बोर्ड के बाद गढ़मुक्तेश्वर के गोताखोर ने भी की थी बड़ी मशक्कत

>> ग्रामीणों ने शव को देख शाहबाद पुलिस को दी सूचना मौके पर पुलिस पहुंची
>> डी फार्मा कर रहा था युवक घर में मचा कोहराम
>> डॉ असलम के पास इस्लामिया स्कूल के सामने प्रैक्टिस भी करता था







मृतक युवक का फाइल फोटो

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**शाहबाद रामपुर।** मामला उत्तर प्रदेश के रामपुर के नगर शाहबाद स्थित मोहल्ला खतपुर का है जहां युवक मोईश उर्फ मोनू उम्र 20 वर्ष पुत्र आले नवी है बता दे कि वह अपने दोस्तों के साथ रामगंगा के ढकुरिया घाट पर घूमने गया था जहां वह नहाने लगा तभी बाकी दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह जब पानी से काफी समय तक तक बाहर नहीं आया तब आनंद फलन में वह घबरा गए और उन्होंने मामले की जानकारी परिजनों को दी तब परिजन पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचे और छानबीन शुरू की जिसके बाद भारी मशक्कत के बाद सब 40 घंटे के बाद बरामद कर बिना पोस्टमार्टम के परिजनों को सौंप दिया गया परिजनों ने मुस्लिम रीति रिवाज से दफन बुधवार की दोपहर कर दिया किस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे जबकि परिजनों का रो-रो के बुरा हाल था। 40 घंटे बाद युवक का सब मिलने से शाहबाद पुलिस प्रशासन ने भी चैन की सांस ली बता दे कि सोमवार को दोपहर से डी फार्मा युवक लापता था जिसको लेकर सैकड़ो की संख्या में रात दिन पीएसी की 23 वीं बटालियन स्टीम बोर्ड के बाद गढ़मुक्तेश्वर के गोताखोर ने भी की बड़ी मशक्कत की परंतु ग्रामीणों को युवक का शव दिखाई दिया मौके पर शाहबाद कोतवाल प्रदीप कुमार एवं सी रमेश चंद्र ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

# सैफनी में बिजली वसूली टीम से अभद्रता, मारपीट व जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**सैफनी।** विद्युत विभाग की बकाया वसूली टीम के साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है, जब विभागीय कर्मचारी अजय कुमार अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के भजनपुर गांव में बकाया बिल वसूली के लिए पहुंचे थे। आरोप है कि टीम द्वारा उपभोक्ता बाबू उर्फ बब्बू से बकाया बिजली बिल जमा करने के लिए कहा गया, जिस पर वह भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कर्मचारी अजय कुमार को धक्का दे दिया और जबरन फैक्ट्री के अंदर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो अंजाम गंभीर होगा।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न की। घटना के बाद टीम में भय का माहौल बन गया।

मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# शाहबाद में मंडी कर्मचारी कर रहे थे सघन चेकिंग

## डंपर चालक एवं डंपर पर डीएम के निर्देश पर हुआ मुकदमा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रामपुर।** जिलाधिकारी रामपुर के आदेश किया जिसमें तहसील शाहबाद स्थित नवीन मंडी गेट पर स्थित खनन चेक पॉइंट पर बीते मंगलवार को प्रातः लगभग 7:00 बजे एक अत्यधिक तेज गति का डंपर बेरियर को टक्कर मारकर तोड़ते हुए भाग गया तथा डंपर को रोकने का प्रयास करने पर चेक पॉइंट पर तैनात कर्मचारियों पर डंपर चढ़ाने का असफल प्रयास किया!उक्त वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 14 कट 3894 था वाहन स्वामी एवं चालक के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने के प्रयास के आरोप में सुसंगत धाराओं में प्राथमिक दर्ज करा दी गई है! दोषियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा की अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है ।

# डॉ. विकास शर्मा ने रुदायन में श्री कृष्ण-राधा मेले का विधिवत शुभारंभ किया

## भक्तिमय वातावरण में ग्रामवासियों के साथ खुला रुदायन का श्री कृष्ण-राधा मेला

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सासनी रुदायन, ग्राम रुदायन में आयोजित श्री कृष्ण-राधा मेला का विधिवत शुभारंभ डॉ. विकास शर्मा ने किया। उनके करकमलों द्वारा मेले का उद्घाटन होते ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण बन गया। इस अवसर पर डॉ. विकास शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी सनातन परंपरा, सामाजिक एकता और ग्राम संस्कृति को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मेले और धार्मिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम के संयोजक गौरव पाठक रहे। आयोजन में ग्राम के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें सतीश शर्मा, प्रशांत शर्मा, मुकेश उपाध्याय, शुभम उपाध्याय, जीतू चतुवेर्दी, प्रेमचंद कौशिक, शंकर माहेश्वरी, करुआ पंडित, हरीश पाठक, ठाकरे, छेदीलाल शर्मा, राजन लाल एडवोकेट, अमित उपाध्याय, चंद्रकांत वशिष्ठ, अरुण कौशिक, विशाल सारस्वत, विशाल शर्मा, सोनू शर्मा, कौशल कुमार, मनोज कुमार, चंचल शर्मा, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, विष्णु सिंह, मुकेश बघेल सहित अन्य सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति और ग्रामवासियों ने डॉ. विकास शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# आज संपूर्ण विश्व में मनाया जाएगा भगवान हनुमान जन्मोत्सव

## हर नगर शहर में होंगे हवन, कीर्तन सुंदर कांड भंडारे

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ विनोद गुप्ता**

**रामपुर।** आज सनातन धर्म के प्रिय श्री सीताराम जी के सबसे प्रिय माता अंजनी के लाल बजरंगबली हनुमान जी का जन्मोत्सव जगह जगह नाना प्रकार से मनाया जाएगा बता दें कि हनुमान जी को प्रभु श्री राम द्वारा कलयुग का राजा एवं अजर अमर का वरदान प्राप्त है। जगह-जगह मंदिरों को बड़े ही सुंदर ढंग से हनुमान जी को चोला लगाते हुए सुंदर ढंग से सजाया जाएगा। बता दें कि आज का विशेष दिन भक्तों के लिए बेहद हर्षपूर्ण रहता है क्योंकि आज संकट मोचन हनुमान जी का जन्म उत्सव है। जोकि जगह-जगह हनुमान चालीसा सुंदरकांड हवन कीर्तन , भंडारे आदि धार्मिक कार्य बड़े ही भक्ति भाव से किए जाते हैं ।

# खबर का असर : बुलंद मंजिल अखबार में खुलासे के बाद एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, रंगें हाथों महिला कर्मचारी गिरफ्तार

## लाभार्थी की शिकायत पर बिछा जाल, रिश्वत लेते ही दबोची गई आरोपी

>> अखबार की खबर से हिली व्यवस्था,
>> बाबू का काम देख रही कर्मचारी निकली घूंसखोर, अन्य लाभार्थियों ने भी मचाया शोर



एंटीकरप्शन टीम ने रिश्वत लेते नगर पालिका महिला बाबू सोनिया सिंह को किया गिरफ्तार।



प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली, लाभार्थियों से 50 हजार तक वसूली

-आवास पास कराने के नाम पर बिचौलियों का खेल, गरीबों पर बढ़ा बोझ

अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल

हाथरस। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और अवैध वसूली का मामला सामने आ रहा है। आरोप है कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाभार्थियों से 50 हजार रुपये से अधिक की रकम वसूली जा रही है। इस पूरे खेल में कथित तौर पर बिचौलियों की सक्रिय भूमिका बताई जा रही है, जो लाभार्थियों से पैसे लेकर आवास पास कराने का भरोसा देते हैं। सूत्रों के अनुसार, योजना के अंतर्गत पात्र लोगों को आवास ... का काम कराते हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग मजबूरी में यह रकम देने को विवश हैं, क्योंकि ... भ्रष्ट तंत्र के कारण उन्हें ही आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। कई लोगों ने नाम न छापने ...

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मकसद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, लेकिन हाथरस में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि योजना का लाभ सही पात्रों तक बिना किसी ...



खबर का हुआ असर एंटीकरप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए महिला बाबू को पकड़ा रंगे हाथ

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है, जहां बुलंद मंजिल अखबार में प्रकाशित खबर का सीधा असर देखने को मिला। अखबार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने के नाम पर हो रही घूसखोरी का खुलासा किया था, जिसमें लाभार्थियों से 5 हजार से लेकर 20 हजार रुपये तक की मांग किए जाने की बात सामने आई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद मामला तूल पकड़ गया और एंटी करप्शन टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नगर पालिका में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सोनिया सिंह को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कर्मचारी वर्तमान में बाबू का कार्य देख रही थीं और उन्होंने एक लाभार्थी से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति से पहली किस्त के रूप में पांच हजार रुपये लिए गए थे। इसके बाद पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के आधार पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए मौके पर ही दबोच लिया।



गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस और एंटी करप्शन टीम द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। महिला की गिरफ्तारी को सुनकर जैसे ही लाभार्थियों को पता चली तो उन्होंने सदर कोतवाली का गिरावट कर हंगामा खड़ा कर दिया। यह महिलाएं थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांव सीर की बताई गई। सभी महिलाएं आरोपी महिला पर रिश्वत लेने का आरोप लगा रही थी। इस दौरान एंटी करप्शन के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने सभी लाभार्थी महिलाओं को कार्रवाई का आश्वासन देकर घर लौटा दिया।अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह की सख्त कार्रवाइयों से सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और आम जनता का विश्वास भी मजबूत होगा।

# हाथरस में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक



**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, एंटी रोमियो टीम और महिला बीट आरक्षियों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों और बाजारों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया।

अभियान के तहत शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112, 1930 आदि) की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में समझाते हुए किसी भी समस्या पर अभिभावकों या पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई।

# रामपुर की जनता की शिकायत का निस्तारण पहली प्राथमिकता: एस पी सोमेंद्र मीना

**दैनिक बुलंद मंज़िल/विनोद गुप्ता**

**रामपुर ।** बुधवार को नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक, रामपुर सोमेन्द्र मीना द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के



आधार पर समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

# हाथरस में भव्य रामोत्सव, श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित हुए कार्यकर्ता

## विश्व हिंदू परिषद का आयोजन: समाज में एकता और संगठन शक्ति का संदेश

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** अंगूमल धर्मशाला में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित भव्य रामोत्सव कार्यक्रम में समाज की एकता, संस्कार और संगठन शक्ति का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, विश्व हिंदू परिषद क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि राम का जीवन यात्रा स्वयं रामोत्सव है। उन्होंने श्रीराम के जीवन चरित्र से समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक बनाने का संदेश दिया और संगठन के उद्देश्यों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रत्नेश रत्न ने समरसता समाज की स्थापना में विश्व हिंदू परिषद के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि जात-पात की दीवारें तोड़कर ॢहम सब हिंदू भाई-भाईॢ का सिद्धांत आज अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और भगवान श्रीराम की छवि पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। इस गरिमामयी




कार्यक्रम में ब्रज प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री राजेश जी भाईसाहब, विभाग संगठन मंत्री उमाकांत जी (मथुरा एवं हरिगढ़ विभाग), नगर सह कार्यवाह टिंकू राणा, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना, जिला मंत्री प्रवीण खंडेलवाल, जिला संगठन मंत्री देवराज कर्मयोगी, अन्य पदाधिकारी और समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रामोत्सव का आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि हिंदू समाज की एकता और संगठन शक्ति का उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला प्रवीण खंडेलवाल ने किया, जबकि आभार व्यक्त नगर अध्यक्ष संजय गर्ग ने किया।

# डेयरी किसानों पर निगम की सख्ती से बवाल अतिक्रमण के नाम पक्षपात पूर्ण कार्रवाई पर भड़का किसान एकता संघ, आंदोलन की चेतावनी

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** बरेली में हवाई अड्डा गेट के पास संचालित दुग्ध डेयरी किसानों को लेकर विवाद गहरा गया है। किसान एकता संघ ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ डेयरी किसानों को ही निशाना बनाया जा रहा है।



संघ के अनुसार, नगर निगम की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचकर गरीब डेयरी किसानों को जबरन हटाने का दबाव बनाती है, जबकि सड़क किनारे अन्य कारोबारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। इस कथित भेदभावपूर्ण रवैये से किसानों में भारी आक्रोश है। किसान एकता संघ पहले भी इस मुद्दे को लेकर पदयात्रा कर विरोध जता चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि यह कार्रवाई नहीं रोकी गई, और कार्रवाई पक्षपात सोच के साथ सिर्फ किसानों पर ही की गई तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

संघ ने नगर आयुक्त से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई यदि करनी है, तो सभी पर समान रूप से लागू की जाए। केवल गरीब डेयरी किसानों को निशाना बनाना अन्यायपूर्ण है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि बढ़ते विवाद को शांत करने के लिए प्रशासन क्या कदम उठाता है।

ज्ञापन प्रेषित करनेवालों मैं प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामपाल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष बहुरनलाल गुर्जर, मंडल महासचिव डॉ अंशु भारती, जिला महासचिव अवधेश सिंह जिला उपाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, महानगर अध्यक्ष दीपक पांडे, जिला मीडिया प्रभारी संजय पाठक, राजेंद्र तिवारी,धनपाल मौर्य, वीरेश भगत जी, राजेंद्र खलीफा, संजय यादव, प्रेमपाल गंगवार, शिशुपाल गंगवार, मुनेश गुर्जर, अमर सिंह।

# ठगी के मामले में पुलिस की ढिलाई, नामजद आरोपियों पर नहीं हुई कार्रवाई

## शिकायत के बावजूद सिर्फ एक आरोपी पर मुकदमा, पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र में ठगी के एक मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़िता श्रीमती गिरीराज किशोरी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से शिकायत कर आरोप लगाया है कि रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता के अनुसार, उन्होंने दिनांक 6 जनवरी 2026 को ठगी कर माल, जेवर और बैंक खाते से धनराशि निकालने के संबंध में एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके बाद 10 जनवरी 2026 को थाना सुभाषनगर में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि शिकायत में कई लोगों को नामजद करने के बावजूद पुलिस ने केवल दुर्गेश सिंह के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज किया, जबकि अन्य आरोपियों को नजरअंदाज कर दिया गया। पीड़िता का कहना है कि इससे अन्य आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि मुकदमा दर्ज हुए करीब ढाई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और न ही मामले का खुलासा किया गया है। कई बार थाने के चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में ठगी के अन्य मामलों का पुलिस द्वारा खुलासा किया जा चुका है, लेकिन इस मामले में पुलिस की सुस्ती से पीड़िता निराश है। पीड़िता ने एसएसपी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों को नामजद किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# युवक का अवैध असलहा के साथ फोटो वायरल, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** जिले में सोशल मीडिया पर एक युवक का फोटो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हाथ में असलहा के साथ नजर आ रहा है। फोटो को लेकर अवैध हथियार होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, वायरल फोटो में दिख रहा युवक थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव बकैनिया का निवासी बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि युवक खुद को टाइगर परिवार से जुड़ा बताता है और इलाके में दबंगई दिखाने का आरोप भी उस पर लगता रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी युवक लोगों को अक्सर धमकाता है और सोशल मीडिया पर इस तरह के फोटो डालकर अपना दबदबा बनाने की कोशिश करता है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जिले में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अवैध असलहा के साथ फोटो वायरल होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की थी। हालांकि, कुछ समय बाद फिर ऐसे मामले सामने आने लगते हैं।फिलहाल यह देखना अहम होगा कि पुलिस इस वायरल फोटो का संज्ञान लेकर कब तक कार्रवाई करती है। वहीं, आम लोगों में इस तरह की घटनाओं को लेकर चिंता बनी हुई है।

# सांचारी दस्तक अभियान का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सी.बी. गंज में सांचारी दस्तक अभियान का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री अनिल कुमार (अधिवक्ता), जो माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रतिनिधि हैं, एवं श्री ज्ञान प्रकाश लोधी जी नगर निगम पार्षद एवं पवन कुमार बीजेपी सक्रिय सदस्य एवं डॉक्टर मधु गुप्ता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सी बी गंज द्वारा हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को रवाना किया गया इसके पश्चात सांचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अभियान की थीम हर घर दस्तक को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया, जिसमें घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।



इस अभियान की विशेष पहचान के रूप में थम्ब इम्प्रेशन (अंगूठा निशान) की शुरूआत की गई, जो प्रत्येक परिवार की स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह प्रतीक यह दशार्ता है कि हर नागरिक अपने परिवार एवं समाज को स्वस्थ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएगा।

मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सांचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हर घर दस्तक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने पर जोर दिया इसी के साथ एच पी वी वैक्सीनेशन जो कि सरकार द्वारा मुफ्त लगाया जा रहा है के बारे में जानकारी दी एवं लाभार्थियों को सुविधाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया एवं बताया कि ये टीका हमारी चौदह वर्ष की किशोरियों को अवश्य ही लगवाना चाहिए एवं इस अवसर पर जिन किशोरियों को एच पी वी टीका लगाया गया उनको प्रमाणपत्र दिया गया एवं चॉकलेट तथा टॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अभियान की सफलता के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें घर-घर जाकर जागरूकता फैलाने हेतु निर्देशित किया गया। एवं सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई एवं सभी लोगों को बताया गया कि हमे संचारी रोगों से निवारण हेतु पूर्ण सावधानी बरतनी चाहिए अंत में सभी उपस्थित जनों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे सांचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे इस अवसर पर हिरदेश कुमार मनमोहन सिंह सरिता कुमारी एवं समस्त आशाओं का विशेष सहयोग ।

# तेज रफ्तार का कहरः शादी से लौटते परिवार को रौंदा, महिला की मौके पर मौत, 4 घायल

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** जिले के थाना मीरगंज क्षेत्र में मंगलवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार भी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई, जिससे उसमें सवार लोग भी घायल हो गए।

मृतका के बेटे इसकर हुसैन के अनुसार, उनकी मां राजदा बी (45), पिता इकरार हुसैन (50) और 7 वर्षीय भतीजा मोहम्मद ईशान मिलक कस्बे में एक पारिवारिक शादी में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कुल्छा खुर्द गांव के पास लभारी चौकी के समीप पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त कि मौके पर ही मौत

हादसा इतना भीषण था कि राजदा बी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इकरार हुसैन और मासूम ईशान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पेड़ से टकराकर पलटी कार, सवार भी घायल

टक्कर मारने के बाद कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। कार सड़क किनारे खंदी में जाकर पेड़ से टकराई और पलट गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

बड़ा सवालः कब थमेगा रफ्तार का कहर?

लगातार हो रहे ऐसे हादसे एक बार फिर यह सवाल खड़ा करते हैं कि आखिर सड़क पर रफ्तार का यह खतरनाक खेल कब रुकेगा। थोड़ी सी लापरवाही पूरे परिवार की जिंदगी बदल देती है।

# दबंगों का तांडवः घर में घुसकर महिला व परिवार पर हमला, बेटे का सिर फाड़ा

## एफआईआर दर्ज न होने से पीड़िता दर-दर भटकने को मजबूर, क्षेत्राधिकारी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के स्वालेनगर नवदिया में दबंगों की गुंडागर्दी का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक महिला के घर में घुसकर आरोपियों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में महिला के बेटे का सिर फट गया, जबकि अन्य सदस्यों को भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बावजूद पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने से पीड़िता न्याय के लिए भटकने को मजबूर है। जिसके बाद पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई लगाई,क्षेत्राधिकारी के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता संगीता देवी पत्नी अमर सिंह के अनुसार, 28 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 बजे पड़ोस में रहने वाले दबंग श्याम कुमार व उसके परिजन अचानक उनके घर पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। जब विरोध किया गया, तो आरोपी लाठी-डंडे लेकर कुछ अज्ञात लोगों के साथ जबरन घर में घुस आए। आरोप है कि दबंगों ने संगीता देवी, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को बुरी तरह पीटा। इस दौरान बेटे का सिर फाड़ दिया गया,हाथ और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।गले में रस्सी का फंदा डालकर खींचा गया, जिससे गर्दन घायल हो गई। घटना के तुरंत बाद डायल 112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का मेडिकल कराया गया।

लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद अब मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद पीड़ित ने क्षेत्राधिकार से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बरेली में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला और गंभीर रूप ले सकता है। अब देखना होगा कि अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस क्या कदम उठाती है।

# शिक्षणेत्तर कर्मचारी सयुंक्त परिषद ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में 1अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन योजना (डढर) को समाप्त कर नई पेंशन योजना (ठढर) लागू किए जाने के विरोध में आज शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद बरेली के जिलाध्यक्ष हरी शंकर के नेतृत्व में कर्मचारियों ने इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के निर्णय के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा का मजबूत आधार थी, जिसे समाप्त कर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया गया है। नई पेंशन योजना में न तो स्थायित्व है और न ही सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। जिला सचिव आफाक अहमद ने कहा कि 1 अप्रैल 2005 का दिन कर्मचारियों के लिए एक काला अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है, क्योंकि इसी दिन से लाखों कर्मचारियों का भविष्य अनिश्चितता के गर्त में धकेल दिया गया। मण्डल अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने सरकार से मांग की कि पुरानी पेंशन योजना को तत्काल बहाल किया जाए, ताकि उन्हें वृद्धावस्था में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। मण्डल मंत्री राजेंद्र पाल ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। काला दिवस के माध्यम से सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार हैं। इस अवसर पर परिषद के मण्डल संयोजक शैलेश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को जोर-शोर से उठाया और एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस दौरान कामरान आरिफ, मु फैसल, अमित सिंह बिष्ट, विनय, कमल जीत सिंह, , हरजीत सिंह, अरुण कुमार यादव, तिलक राम, सूरज प्रकाश आदि लोग शामिल रहे।

# विवाहिता की मौत, ससुराल पर हत्या का आरोप

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** शादी के तीन साल बाद एक विवाहिता की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मायके पक्ष ने जहां इसे हत्या बताया है, वहीं ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या करार दे रहा है। पुलिस अब पूरे मामले की तह तक जाने में जुटी है।

जनपद बदायूं के बड़ी सराय पुरानी मंडी निवासी बबलू ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय बहन आफरीन की शादी करीब तीन वर्ष पहले बरेली के किला छावनी क्षेत्र निवासी सानू के साथ हुई थी। परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसे कई बार आपसी समझौते से शांत कराया गया।

विवाद के बाद बिगड़ी हालत

बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसके बाद आफरीन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर ससुराल पक्ष उसे तुरंत अस्पताल ले गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मायके पक्ष का आरोप यह हत्या है

मौत की खबर मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मृतका के भाई बबलू ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका कहना है कि आफरीन की मौत सामान्य नहीं है, बल्कि इसमें साजिश की आशंका है।

ससुराल पक्ष का दावा झ खुद उठाया कदम

वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि आफरीन ने खुद ही जहरीला पदार्थ खाया था और यह आत्महत्या का मामला है। दोनों पक्षों के अलग-अलग दावों से मामला और उलझ गया है।

-डेढ़ साल की मासूम हुई बेसहारा

इस घटना ने एक मासूम जिंदगी को भी प्रभावित किया है। आफरीन अपने पीछे करीब डेढ़ साल की बेटी को छोड़ गई है, जो अब मां के साये से महरूम हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# मधुनगला मोड़ पर तमंचा लेकर खड़ा युवक गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी के पास से 12 बोर का नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक मधुनगला मोड़ के पास तमंचा लेकर खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस वाहन को देख संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए करीब 100 मीटर पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसकी पैंट से एक 12 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। साथ ही 500 रुपये नकद भी मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांव में चल रहे विवाद के चलते उसने अपनी सुरक्षा के लिए यह हथियार रखा था।गिरफ्तार युवक की पहचान रतन सिंह (22 वर्ष) पुत्र सिपट्टर सिंह निवासी ग्राम मधुनगला, थाना क्योलड़िया, जनपद बरेली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# प्राथमिक विद्यालय बारीनगला में वार्षिक उत्सव की धूम

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** प्राथमिक विद्यालय बारीनगला में वार्षिक उत्सव, परीक्षा परिणाम वितरण, फेयरवेल पार्टी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्तीर्ण हुए बच्चों को परीक्षा परिणाम वितरित किए गए और विदाई समारोह के माध्यम से उच्च कक्षाओं में जाने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में इंचार्ज अध्यापक अर्चना सिंह पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ग्राम प्रधान शिवकुमार पटेल एआरपी लक्ष्मण प्रसाद, धर्मेंद्र पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष, क्यारा (उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ) ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और बच्चे देश का भविष्य हैं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के माहौल में हुआ, जहां बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं और सभी ने मिलकर इस आयोजन को यादगार बना दिया।



# नारेबाजी और उत्साह के साथ गूँजा स्कूल चलो अभियान' रैली में उमड़ा जनसैलाब







**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली** : उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर बेहटा में बुधवार के दिन स्कूल चलो अभियान वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे जैसे नारों के साथ शिक्षा की अलख जगाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त अध्यापिका श्रीमती चन्द्रमुखी ने दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरूआत की उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र मार्ग है जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है कार्यक्रम में मनोज तोमर भुवनेश गोविल प्रीति गौतम,अरुण कुमार मिश्रा और विवेक कुमार मिश्रा , प्रमोद कुमार सिंह श्रीमती राम बेटी ने शिक्षक तौर पर शिरकत की। और बच्चों का उत्साहवर्धन किया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय के छात्रो ने कविता पाठ के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अभिभावक अत्यधिक प्रसन्न रहें तथा छात्रों का उत्साह बर्धन किया।नीरज शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों के साझा प्रयास से ही हम एक शिक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र उपस्थित रहे।और मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# भारतीय किसान यूनियन एवं राष्ट्रवादी प्रताप सेना समाजसेवी व्यक्तियों के साथ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम को पुलिस क्षेत्र अधिकारी बिसौली को ज्ञापन सोपा





**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली** : जनपद बदायूं के अंतर्गत तहसील बिसौली मुख्यालय पर बुधवार के दिन भारतीय किसान यूनियन एवं राष्ट्रवादी प्रताप सेना समाजसेवी व्यक्तियों के साथ सैकड़ो लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा द्वारा बिसौली कोतवाली तैनात राजेंद्र पुडीर का किसी व्यक्ति उनके ही कार्यालय में बैठकर वीडियो बना लेने एवं कट छट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बगैर जांच के संज्ञान में लेते हुए निलंबन की कार्रवाई कर दी गई जिसको लेकर ग्रामीणों में रोज व्याप्त है उनका कहना है एक ईमानदार और कर्तव्य निष्ठा ऐसा अधिकारी कार्य लोगों में पहचान बनाए जिससे लोगों में उनकी ईमानदारी का चर्चा है विषय है बना हुआ है उनकी ईमानदारी को लेकर समाजसेवी व्यक्ति एवं भारतीय किसान यूनियन ने उनके पक्ष में मोर्चा खोल दिया है पुलिस क्षेत्र अधिकारी विसौली को दिए गए ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन एवं राष्ट्रवादी प्रताप सेना एवं समाज से भी व्यक्तियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है जिसने कट छठ कर सोशल मीडिया पर वायरल किया है उसे खिलाफ कार्रवाई की जाए और पूरा वीडियो देख कर जांच की जाए वीडियो में जो दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाही।

प्रदेश में ईमानदार छवि के प्रशासनिक अधिकारियों के मनोबल पर ठेस न पहुंचे, ज्ञापन देने में मुकेश भदोरिया तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन एवं ऋषभ मिश्रा एडवोकेट युवा जिला अध्यक्ष राष्ट्रवादी प्रताप सेना एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर कु.मृदुल सहाय सक्सेना एडवोकेट मनोज टाटा, धर्मेंद्र सिंह फौजी, वसु आर्य महेंद्र पाठक निर्मल शर्मा राजेश कुमार दिनेश कुमार मुकेश कुमार हितेश सोनू भैया लक्ष्मण प्रसाद मौर्य लवकुश शर्मा विकास श्रीवास्तव राम मनोहर सक्सेना एडवोकेट प्रण व्रत शर्मा प्रमोद मौर्या आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक हुई संपन्न किसानो की समस्याओ और मांगो को उठाया




**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत रहोली रोड, चंदौसी हाजी अजीम के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें जिला सचिव नरेश राघव ने किसानों की आवाज प्रमुख समस्याओं और मांगों को उठाया। पंचायत में मुख्य रूप से निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई। कृषि उपज का उचित मूल्य (एमएसपी ) नरेश राघव ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी ) मिलना चाहिए, जो उनकी मेहनत का उचित मूल्य हो। हाजी अजीम ने कहा किसानों को आर्थिक रूप से स्थिर बनाने के लिए कर्ज माफी की मांग पर जोर दिया गया।

बिजली और पानी की आपूर्तिः ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बिजली और पानी की सुविधाओं की मांग की गई। योगेंद्र यादव ने बताया कि किसानों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उससे संबंधित समस्याओं को तुरंत दूर करने का मुद्दा उठाया गया। इस पंचायत में स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया और भविष्य की योजनाओं के लिए रणनीति तैयार की गई। इस दौरान नरेश राघव,योगेंद्र यादव,प्रमोद राघव, डॉ जितेंद्र वर्मा,भूपेंद्र यादव.,हाजी अजीम, संजीव शर्मा, मौसी भाई, समीर, मुजफ्फर हुसैन, राहत जहां,भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# श्री कल्कि धाम में नियमित मासिक सत्संग का हुआ आयोजन

## प्रेम से ही परमात्मा को पाया जा सकता है



**दैनिक बुलंद मंज़िल / बीरेंद्र सिंह**

**सिंहपुसानी** । श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मासिक सत्संग में प्रेम की व्याख्या करते हुए प्रेम को परमात्मा का प्रतिरूप बताया। श्री कल्कि धाम में नियमित मासिक सत्संग का आयोजन किया गया, श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सत्संग से पूर्व यज्ञ में सम्मिलित होकर आहुति दी। तत्पश्चात सत्संग में प्रवचन करते हुए आचार्य ने कहा कि यदि परमात्मा के नजदीक जाने का सबसे आसान रास्ता प्रेम है,किंतु वह प्रेम निश्छल एवं समर्पित हो और कुछ पाने की कामना न हो केवल समर्पण का भाव हो। प्रेम में यदि कामना शामिल हो जाती है तो उस प्रेम में स्थायित्व नहीं रहता एक विचलन पैदा हो जाता है, यही विचलन अविश्वास को जन्म देता है और अविश्वास प्रेम को समाप्त कर देता है। इसीलिए वही प्रेम शाश्वत है जिसमें कोई कामना नहीं है। मीरा का प्रेम शाश्वत है इसीलिए मीरा को कृष्ण धरा धाम से जाने के 5000 वर्ष बाद भी प्राप्त होते हैं। इसी प्रेम का अनुसरण हमें भी करना चाहिए और यह मेरा विश्वास है कि यदि मीरा को शाश्वत प्रेम के कारण कृष्ण जाने के बाद भी प्राप्त हो सकते हैं तो इसी प्रेम से हम भगवान श्री कल्कि को भी प्राप्त कर सकते हैं। चित्रकूट स्थित परमहंस आश्रम से पधारे अच्युतानंद जी महाराज ने श्री कल्कि धाम के दर्शन करने के पश्चात कहा कि श्री कल्कि धाम निर्माण केवल आचार्य श्री का कार्य नहीं है यह समस्त सनातन धर्मावलंबियों का कार्य है जिस प्रकार हम सभी ने अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण किया है उसी प्रकार हम भविष्यावतार श्री कल्कि के धाम का निर्माण भी करेंगे।चोट लगने के बाद पहली बार हुए मासिक सत्संग में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली, सभी ने श्री कल्कि धाम के गर्भ गृह की परिक्रमा करने के पश्चात भंडारे का स्वाद लिया। इस अवसर पर मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल,राजस्थान रालोद के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना, अजमेर के पूर्व मेयर सुरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक कृष्णम, मुनिदेव त्यागी, सुधीर चाहल आदि रहे।

# वार्षिकोत्सव एवं स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ संविलियन विद्यालय खेड़ादास







**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली:** संविलियन विद्यालय खेड़ा दास में बुधवार के दिन परीक्षा फल वितरण, वार्षिक उत्सव, स्कूल चलो अभियान का श्री गणेश, प्रतिभा सम्मान, विदाई समारोह का आयोजन किया गया साथ ही थाना फैजगंज बेहटा से आये पुलिस स्टाफ के द्वारा बच्चों को नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत व्यावहारिक एवं कानूनी जानकारी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या जी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया उन्होंने सभी बच्चों से अगली कक्षा में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित कर आशीर्वाद दिया विधायक जी के हाथों से परीक्षा फल, मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे। साथ ही उनमें विदाई का गम भी देखा गया। कार्यक्रम में श्रीमान खंड शिक्षा अधिकारी आसफपुर एवं एआरपी कृष्ण गोपाल की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। खंड शिक्षा अधिकारी ने भी बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश लेकर गांव एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। संचालन करते हुए सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार ने विद्यालय की प्रगति के बारे में अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार से विद्यालय दिनों दिन भौतिक परिवेश एवं शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयास से उन्नति कर रहा है तथा उन्होंने विद्यालय के सपनों के बारे में भी जानकारी दी कि हमारा विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर एक स्मार्ट विद्यालय होने की और अग्रसर है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम वार्ष्णेय ने समस्त उपस्थित जन समुदाय, अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से विद्यालय के सहयोग की अपेक्षा की। वरिष्ठ सहायक अध्यापिका शशिबाला ने स्कूल चलो अभियान के बारे में जानकारी दी।,राहुल सिंह, नीतू पाल जिला महामंत्री, धर्मेंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, हरी बाबू सक्सेना, ग्राम प्रधान रामसनेही, सचिन कुमार सिंह, सुधारानी, रूबी सिंह, अमित कुमार, सुषमा देवी, शोभा रानी, पूनम कुमारी, ममता यादव, किरन, गोदी राम तथा ग्रामीण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# संभल में किसानों का हल्ला बोलः एमएसपी, आलू के दाम और अवैध खनन को लेकर महापंचायत में गरजे किसान





**दैनिक बुलंद मंजिल / संवाददाता रामौतार शर्मा**

संभल में किसानों का गुस्सा एक बार फिर सड़कों पर दिखाई दिया। बुधवार को बहजोई स्थित जिला कलेक्ट्रेट के पास बड़े मैदान में किसानों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन और महापंचायत आयोजित कर अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया।

भारतीय किसान यूनियन (असली) के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान इकट्ठा हुए। महापंचायत में आलू के गिरते दाम, गेहूं की खरीद में गड़बड़ी, जलापूर्ति की खराब व्यवस्था और अवैध खनन जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई।

किसानों ने आरोप लगाया कि इस बार आलू की खेती में लागत ज्यादा आई, लेकिन बाजार में उन्हें उचित कीमत नहीं मिल रही। वहीं गेहूं खरीद को लेकर भी नाराजगी जताई गई। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल के बावजूद मंडियों में कम दाम पर खरीद हो रही है, जिससे किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। महापंचायत में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंह ने साफ कहा कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य मिलना चाहिए। साथ ही आलू की सरकारी खरीद और निर्यात की ठोस व्यवस्था की मांग भी उठाई गई।

ग्रामीण समस्याओं को लेकर भी किसानों ने प्रशासन को घेरा। जल जीवन मिशन के तहत गांवों में सड़कों को खोदकर छोड़ देने और अब तक जलापूर्ति शुरू न होने से लोगों को हो रही परेशानी पर नाराजगी जताई गई। किसानों ने जल्द सड़क मरम्मत और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

इसके अलावा गंगा नदी में अवैध खनन, ऊंचागांव खादर क्षेत्र में मानकों की अनदेखी और ओवरलोड वाहनों से खराब हो रही सड़कों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने इन समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चार थानों की पुलिस के साथ पीएसी और आरपीएफ के जवान मौके पर तैनात रहे, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बनी रहे।

# दो बाइकों की आमने सामने की भिडंत में दो बाइक सवार घायल

## सौंधन चौकी पुलिस पीआरबी 112 वाहन से भेजा जिला अस्पताल






**भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल**

**सौंधन/संभल** 'कैला देवी थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दो व्यक्ति लोग घायल हो गए जिन्हें संभल जिला अस्पताल पहुंचाया गया ' कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव अमावती निवासी बंटी पुत्र हरद्वारी सौंधन गांव अपने घर जा रहा था सपीता पुत्र सतीश सिकंदराबाद थाना आदमपुर संभल की तरफ से अपने गांव लौट रहा था खरसपा पेट्रोल पंप के समीप दोनों बाइक सवारों की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए सुचना पर पहुंची सौंधन चौकी पुलिस व पीआरबी 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई बंटी को परिजन निजी वाहन से ले गए सपीताको पीआरवी 112 गाड़ी पुलिस जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने घायल व्यक्ति के परिजनों को सूचना दे गई सौंधन चौकी पुलिस ने दोनों बाइकों अपने कब्जे में लेकर चौकी ले गई।

# शादी समारोह में बार बालाओं के ठुमकों लगने का वीडियो वायरल

## मेहमानों के मनोरंजन के लिए बार बालाओं का किया गया इंतजाम



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुरसानी।** संभल के नखासा थाना क्षेत्र के गांव लालबेक की मिलक में मंढा में बार बालाओं के द्वारा जमकर ठुमके लगाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो वसीम खान के भाई की शादी का बताया जा रहा है। पुलिस ने वीडियो को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।ग्रामीणों ने बताया कि गांव लालबेक की मिलक में एक ग्रामीण के बेटे की बरात से पहले मंढा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां खाना खाने के बाद डीजे के साथ स्टेज तैयार किया गया ।जिस पर बार-बालाओं ने जमकर फिल्मी गाने पर ठुमके लगाए। वायरल वीडियो में ग्रामीण और रिश्तेदार अश्लील डांस पर जमकर रुपये लुटा रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है ।नखासा थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ईदगाह की जमीन पर खड़े 150 पेड़ों को लेकर विवाद

**दैनिक बुलंद मंजिल हरीश कुमार**

ठाकुरद्वारा। तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर में ईदगाह की जमीन पर खड़े करीब 150 पेड़ों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से पेड़ काटने के प्रयास का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस चौकी सुरजन नगर क्षेत्र के गांव रामपुर घोघर निवासी मोहम्मद कासिम पुत्र अब्दुल रहीम ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को भेजे गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में स्थित वक्फ नंबर 5529 की जमीन पर लगभग 150 यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े हैं। आरोप है कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा इन पेड़ों को बेचने और कटवाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रार्थी ने इसे आपराधिक कृत्य बताते हुए कहा कि संबंधित भूमि वक्फ संपत्ति है, जिसकी देखरेख और उपयोग निर्धारित नियमों के तहत होना चाहिए। इसके बावजूद पेड़ों के कटान की कोशिश की जा रही है, जो नियमों के विरुद्ध है ।मोहम्मद कासिम ने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया गया तो पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में संज्ञान लेकर व्यक्ति व और उसके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ।साथ ही, ईदगाह की जमीन पर खड़े पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके कटान पर तत्काल रोक लगाने की अपील भी की गई है।

CMYK